卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 137 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦25 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कार्यकर्ताओं संग धरने पर बैठे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

### हमलावरों की गिरफ्तारी को 27 फरवरी तक का समय, आश्वासन के बाद धरना स्थगित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष व निवर्तमान मेयर के मध्य शक्ति विहार कालोनी में शिलापट हटाने को लेकर हुई मारपीट के मामले में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यताओं ने एसपी सिटी के आश्वासन के बाद अपना धरना प्रदर्शन आगामी 27 फरवरी तक स्थगित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि 27 फरवरी तक सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे



सभी हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया तो 28 फरवरी से पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार और पुलिस के खिलाफ बड़ा आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा। जिसमें सभी शहरों में धरना प्रदर्शन के साथ-साथ सरकार व पुलिस प्रशासन के पुतले फूंके जायेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय परिसर में प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए धरना शुरू किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री माहरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा नेता सत्ता के मद में चूर होकर कांग्रेस नेताओं पर हमले करने पर उतारू हो गये है। जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी एकजुट होकर इसका विरोध करेगी। उन्होंने महानगर अध्यक्ष पर हुए (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार की टक्कर से महिला की मौत,मासूम पुत्र गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी जबकि उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र गंभीर रूपसे घाल हो गया।



घायल को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से हुरूरी बरेली निवासी पवन रविवार दोपहर अपनी पत्नी 21 वर्षीय रोशनी ओर डेढ़ वर्षीय पुत्र शिवम के साथ बाइक संख्या यूपी 25-1382 पर बरेली से रूद्रपुर की ओर आ रहा था। केमरी रोड पर एक बिना नंबर की नई कार से बाइक की भिड़ंत हो गयी। हादसे में रोशनी और उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र शिवम गंभीर घायल हो गये जबकि पवन को मामूली चोटें आयी। कार चालक बवनपुर बिलासपुर निवासी जिखार पुत्र अनवर खां खुद अपनी कार से दोनों घायलों को रूद्रपुर लेकर आया। यहां जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि मासूम शिवम को गंभीर हालत में निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## दो मंजिला भवन से गिरकर मजदूर की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग स्थित ओमेक्स कालोनी में दोमंजिल पर सफाई काम कर रहा मजदूर अचानक असंतुलित होकर नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव कों अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम चनेटी थाना सदर बरेली निवासी 55 वर्षीय रोहिताश पुत्र भीमसेन यहां मौहल्ला रविन्द्रनगर में अपने पुत्र अमन के साथ किरायेदार के रूप में रहता था। उसका बड़ा पुत्र प्रताप गांव गया है। बताया जाता है कि रोहिताश रोज की तरह अपने पुत्र अमन के साथ ठेकेदार के अधीन काम करने के लिए नैनीताल रोड़ स्थित ओमेक्स कालोनी गया था। जहां पर वह भवन के दोमंजिल पर सफाई का काम कर रहा था। प्रात: करीब 8:30 बजे पुत्र अमन पानी लेने के लिए गया था तभी काम करने के दौरान अचानक रोहिताश असंतुलित होकर दोमंजिल से नीचे आ (शेष पृष्ठ सात पर)

## कंपाउडर के इंजेक्शन लगाते ही महिला ने तोड़ा दम

### परिजनों ने अस्पताल में काटा हंगामा, पेट दर्द होने पर प्राइवेट अस्पताल में कराया था भर्ती

काशीपुर (उद संवाददाता)। पेट में दर्द होने पर बाजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला को कंपाउंडर ने जैसे ही इंजेक्शन लगाया पलक झपकते उसके प्राण पखेरू उड़ गए। परिजनों को जब इसका पता चल तो उन्होंने बखेड़ा खड़ा कर दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने आरोपी कंपाउंडर को पूछताछ के लिए हिरासत



में लेते हुए मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर चार गदरपुर निवासी सुरेश की 24 वर्षीय पत्नी कंचन को शनिवार शाम अचानक पेट में दर्द होने लगा। हालात अत्यधिक खराब होने पर परिजनों ने महिला को तत्काल बाजपुर में डॉक्टर हरीश लामा के अस्पताल में भर्ती (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

काशीपुर। स्वास्थ्य विभाग की गलत नीतियों के कारण बाजपुर काशीपुर तथा जसपुर में पिछले कुछ समय से प्राइवेट अस्पतालों की भरमार होती जा रही है। इनमें से अधिकांश हॉस्पिटल कमीशन खोरी तथा दलालों के बूते चल रहे हैं। कई प्राइवेट अस्पतालों में रोगियों के उपचार के नाम पर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए उनका आर्थिक दोहन किया जा रहा है। काशीपुर में ऐसे कई अस्पताल हैं जो पूर्व में धोखाधड़ी के अलावा गलत उपचार तथा गंभीर अनियमितताओं के मामले में सुर्खियों में रहे लेकिन इसके बावजूद अस्पतालों के खिलाफ कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हो सकी। जिसे चिकित्सीय पेशे की एबीसी का नहीं पता वह अस्पताल का कथित तौर पर डायरेक्टर बना बैठा है।

## किशोरी की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

- शव को दफनाने रामपुर ले गये थे परिजन
- पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पहाड़गंज मोहल्ले में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मौत के बाद परिजन किशोरी के शव को दफनाने के लिए रामपुर ले गये, इससे पहले पुलिस को सूचना मिल गयी और पुलिस ने हत्या की आशंका के चलते शव को रामपुर से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका है जिसके चलते शव का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल से कराया जा रहा है। वहीं पुलिस किशोरी की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़गंज निवासी शफी अहमद की 15 वर्षीय पुत्री शबाना की बीते दिवस घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना के बाद शाम को परिजन शव को दफनाने के लिए अजीमनगर रामपुर ले गये। इसी बीच पुलिस को किशोरी की संदिग्ध मौत की सूचना मिली। हत्या की आशंका के चलते तत्काल पुलिस टीम को रामपुर भेजा गया। परिजन किशोरी के शव को दफनाते इससे पहले वहां पुलिस पहुंच गयी और शव (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में फैक्ट्री कर्मी की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। जसपुर की एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम ईलर, बिलारी, पोस्ट सुल्तानपुर दोस्त जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मनोज कश्यप 35 वर्ष पुत्र सोराम कश्यप पिछले कई वर्षों से यहां जसपुर स्थित सम्राट प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी किया करता था। गत शनिवार को किसी ने उसके परिवार वालों (शेष पृष्ठ सात पर)




**श्रद्धांजलि सभा**

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री गोपाल चाँदना जी** का स्वर्गवास दिनांक 23 फरवरी को हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा **दिनांक 26 फरवरी 2024 दिन सोमवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर )** रुद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

पूजा दीवान-पियूश दीवान( पुत्री-दामाद) **कैलाश चाँदना ( पत्नी )**
एवं समस्त चाँदना परिवार आशीष चाँदना-दीक्षा चाँदना (पुत्र-पुत्र वधु)

फर्म- चांदना स्वीट्स,अक्टेव शोरूम,रुद्रपुर
i Qku% 9719200007] 9897913000


## ‘गांधी पार्क’ को दी जा रही है ‘धीमी मौत’

### बागवान ही चमन उजाड़ने पर आमादा ,पार्क की धरती की कोख में जबरिया भर दी गई कंक्रीट, तहस-नहस कर दी गई पार्क की हरियाली, जड़ से उखाड़ दिए गए छोटे- मझौले पेड़ ,लापता हो गई पार्क की बेंचे

-अर्श-

रूद्रपुर। यूं जान पड़ता है जैसे समय-समय पर अपनी उपयोगिता सिद्ध करने वाले और शहर के बीचों-बीच स्थित इकलौते खुले स्थान गांधी पार्क को पुनरुद्धार की आड़ में धीमी मौत देने का एक अघोषित सिलसिला-सा चल निकला है, जिसके तहत बड़े ही सुनियोजित तरीके से मेले दर मेले, उत्सव दर उत्सव पार्क की बची खुची हरियाली को भी तहस-नहस किया जा रहा है । यद्यपि गांधी पार्क में अब से पहले भी मेलों और उत्सवों का आयोजन होता रहा है, पर इन आयोजनों से पार्क की हरियाली को कोई खतरा नहीं पैदा हुआ था । आयोजनों के दौरान गांधी पार्क में स्थित घास पर ही कालीन, मैट, दरी आदि बिछा दी जाती







थी और पार्क की घास को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया जाता था, लेकिन बीते दिनों गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले की तैयारी के दौरान गांधी पार्क की हरियाली को बड़ी ही बेरहमी से पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। चूंकि सरस मेले के उद्घाटन में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आना था और प्रशासन को मुख्यमंत्री के दौरे को ऐतिहासिक भी बनाना था ,इसलिए प्रशासन ने गांधी पार्क पर कुछ खास ही मेहरबानी दिखाई और गांधी पार्क की छाती पर बुलडोजर तथा जेसीबी आदि दौड़वा दी। साथ ही गांधी पार्क की मिट्टी की कोख में जबरन पत्थर तक भर दिए गए।नतीजतन गांधी पार्क का नजारा इन दिनों कुछ ऐसा है कि पार्क के भीतर हरियाली के दर्शन अब बमुश्किल ही हो पाते हैं ।अब से कुछ समय पहले तक पार्क के दाहिने वाले हिस्से में कुछ बेंचो का अस्तित्व हुआ करता था ,लेकिन अब वे बेंचे लापता है, इसके अलावा पार्क में नगर के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा किसी मौके पर लगाए गए कुछ छोटे और मझोले पौधे भी विस्तार पा रहे थे,जो संभवत: कुछ दिनों पूर्व संपन्न ऐतिहासिक जलसे की भेंट चढ़ गए। कुल मिलाकर गांधी पार्क में अब एक हरे भरे और एक पूर्ण पार्क का नजारा बिल्कुल भी नहीं दिखाई देता, क्योंकि हरा भरा मैदान, सुगंधित फूलों की क्यारियां ,फब्बारा ,बैठने के लिए बेंच, बच्चों के लिए फिसल पट्टी,घने छायादार वृक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

# बनभूलपुरा हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक 16 दिन बाद दिल्ली से गिरफ्तार

## एसएसपी मीणा ने किया खुलासा: हल्द्वानी लेकर पहुंची एसओजी की टीम,अब्दुल मलिक का बेटा वांटेड अब्दुल मोईद फरार,अब तक 78 उपद्रवियों को भेजा जेल



हल्द्वानी उद संवाददाता)। पुलिस ने आठ फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड वांटेड अब्दुल मलिक को 16 दिन बाद शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा एक वांटेड और दो अन्य उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में अब तक 82 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अभी घटना में अब्दुल मलिक का बेटा वांटेड अब्दुल मोईद फरार है। हल्द्वानी के मलिक के बगीचा में अवैध रूप से बने मदरसा और नमाज स्थल को ढहाने के दौरान हिंसा हो गई थी। इसमें कई कर्मचारी घायल हो गए थे और छह लोगों की मौत हो गई थी। हिंसा का मास्टरमाइंट अब्दुल मलिक को माना गया था। तब से पुलिस उसकी तलाश में थी।एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बहुउद्देश्यीय भवन में प्रेस वार्ता कर बताया



कि आठ फरवरी की घटना के बाद थाना बनभूलपुरा में तीन अभियोग पंजीकृत किए गए थे। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए छह टीमें बनाई गई थीं। पुलिस टीमों ने घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर दबिश देकर 78 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए। बताया कि इस मामले में वांछित अभियुक्त मोस्टवांटेड अब्दुल मलिक और उसका बेटा अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए छह पुलिस टीमें गठित की गई थी, जो पहले पश्चिमी यूपी और दिल्ली में अब्दुल मलिक को पकड़ने के लिए दबिश दे रही थीं।पता चला कि अब्दुल मलिक पहले दिल्ली फिर चंड़ीगढ़, फिर गुजरात और फिर मुंबई गया। उसकी तलाश में टीमें इन क्षेत्रों में भेजी गईं।इस बीच शुक्रवार को एसओजी को मुखबिर से पता चला कि अब्दुल मलिक दिल्ली में छुपा है। शनिवार को एसओजी प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने छापा मारकर अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। कहा कि अब्दुल मलिक को हल्द्वानी लाया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने कहा कि अब्दुल मलिक का बेटा अब्दुल मोईद अभी फरार है। इसके अलावा एक नामजद रईस उर्फ दत्तू को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के वाहन जलाने के आरोपी मोहम्मद फुरकान निवासी लाइन नंबर सात और सालिम निवासी नई बस्ती को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि, पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा के मामले में बीते बृहस्पतिवार को अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने और आपराधिक साजिश रचने का एक नया मामला दर्ज किया था। मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक का लड़का अब्दुल मोईद अभी फरार है। पुलिस की तीन टीमें उसे पकड़ने के लिए लगी हुई हैं। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही अब्दुल मोईद को भी पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। बताया कि अब्दुल मोईद कहां छुपा है, टीम को इसका इनपुट मिल गया है। अब्दुल मलिक को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसओजी इंचार्ज एसआई अनीस अहमद, कोतवाली लालकुआं के उपनिरीक्षक गौरव जोशी, एसओजी के हेड कांस्टेबल ललित कुमार, कांस्टेबल चंदन नेगी शामिल रहे। बनभूलपुरा हिंसा के मास्टमाइंड अब्दुल मलिक को पकड़ने वाली टीम को पुलिस ने जमकर इनामों की बौछार की है। पुलिस महानिदेशक ने 50 हजार रुपये, पुलिस उपमहा निरीक्षक कुमाऊं ने 5000 रुपये और एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने 2500 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। अब्दुल मलिक ने अपने वकीलों के माध्यम से शनिवार को ही हल्द्वानी एडीजे कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। याचिका स्वीकार हो गई थी, इस मामले में सुनवाई की तिथि 27 फरवरी नियत की गई थी। अब चूंकि मलिक की गिरफ्तारी हो चुकी है, इसलिए यह याचिका स्वत: ही निरस्त हो जाएगी।

# हाइवे पर लूट करने वाले तीनों बदमाश गिरफ्तार

सितारगंज( उद संवाददाता)। बीते दिनों हाईवे पर रात में कार चालक को लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के कब्जे से लूट का माल भी बरामद किया गया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 2000 रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की है। जबकि कांस्टेबल चन्द्र प्रकाश और नरेंद्र यादव का नाम पुलिस मेन ऑफ द मंथ के लिए भेजा गया है। एसपी सिटी मनोज कात्याल ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीते शुक्रवार को महेन्द्र सिंह निवासी अजीतपुर पुलभट्टा ने तहरीर देकर बताया कि 20 फरवरी मंगलवार को वह सिडकुल सितारगंज आईटीडीएल यूनिट से ड्यूटी कर बाइक से घर जा रहा था। रात्रि 11 बजे से 11.30 बजे के मध्य ग्राम सिसैया थाना सितारगंज में मखबारा फार्म के पास हाईवे पर पीछे की तरफ से आ रहे ओमनी कार सवार अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोटर साइकिल में साइड मारने की नियत से उसकी बाइक में टक्कर मारकर गेहूं के खेत में गिरा दिया। जिससे उसकी आंख में चोट लग गई। ओमनी कार से 3



बदमाशों ने उतरकर तमंचा तानकर उसके पीठ पर टगें काले रंग के बैग को जिसमें 10000 रुपये, डीएल, बाइक का बीमा व प्रदूषण, मोबाईल फोन ओप्पो, बैंक की पासबुक, कम्पनी का आईडी कार्ड आदि लूट ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एसआई प्रकाश चन्द्र भट्ट को मामले की जांच सौपी। वारदात के खुलासे के लिए थाना स्तर से टीम गठित की गई। गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया।इसके बाद गठित टीम ने सितारगंज चोरगलिया मोटर मार्ग से लूट की घटना में प्रयुक्त वाहन मारुति कार यूपी 21एआर 7098 से फिरासत अली उर्फ मुन्ना उर्फ गंठा पुत्र अमानत अली निवासी वार्ड नंबर 18, सिरौली कला थाना पुलभट्टा से वादी का लूटा गया मोबाइल व 2000 रु० एक तमंचा, कारतूस, जावेद पुत्र मुशर्रफ निवासी वार्ड न०- 18 सिरौली कला, थाना पुलभट्टा के कब्जे से काले रंग का पिठ्ठू बैग, 1500 रुपये की नगदी, एक लोहे का पाटल तथा तीसरे आरोपी तालिब शाह पुत्र नन्हे शाह निवासी वार्ड न०-18, सिरौली कला से डीएल व 2000 रूपये बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में तीनों बदमाशों ने बताया कि तीनों ने एक वाहन अपने पास रखकर तमंचों व पाटल तथा हथियारों से सुनसान इलाकों में रात के समय लूटपाट कर घटना को अन्जाम देते हैं। 20 फरवरी को भी लूट करने के इरादे से सिरौली कला से तीनों ही एक वैन में सवार होकर हथियारों से लैस होकर निकले थे। अमरिया चौक से मुख्य हाइवे पर सिसैया से आगे अकेला मोटरसाइकिल सवार जाता दिखाई दिया। तीनों ने प्लान बनाया और लूट लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, एस एस आई हरविंदर कुमार, सरकड़ा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह बिष्ट, सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश चन्द्र भट्ट, शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश चन्द्र तिवारी, हैका नरेंद्र यादव, का चन्द्रप्रकाश, का० कपिल कुमार व का० राजेन्द्र गोस्वामी आदि शामिल थे।

# होटल में रंगरेलियां मनाता युगल पकड़ा

लालकुआं( उद संवाददाता)। हिंदूवादियों की सूचना के बाद पुलिस ने एक होटल में रंगरेलियां मना रहे धर्म विशेष के युवक को युवती के साथ हिरासत में ले लिया। युवक ने पहचान छुपा कर हिंदू नाम से कमरा किराए में लिया था। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर को नगर के हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि धर्म विशेष का एक युवक हिंदू युवती को लेकर नगर के स्टेशन चौराहे पर स्थित एक होटल में लेकर गया है, हिंदूवादी कार्यकर्ता उक्त होटल में जैसे ही पहुंचे तो पुलिस ने भी छापेमारी कर दी। इस दौरान मौके से युवक और युवती को दबोच लिया। युवक ने गौरव शर्मा के नाम की आईडी होटल में दी थी,जबकि वह दूसरे धर्म का बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों को वहां से हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा के अनुसार पुलिस मामले में कार्यवाही कर रही है। हिन्दूवादी नेता कमल मुनि जोशी ने बताया कि लालकुआं में हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को गुप्त सूचना मिली थी कि एक विशेष समुदाय का युवक हिन्दू महिला को लेकर रेलवे स्टेशन तिराहे के समीप स्थित एक होटल में आया है, जिसके बाद सगंठन के कार्यकताओं द्वारा तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि युवक ने फर्जी आईडी लगाकर होटल में कमरा लिया है। इस मौके पर हिन्दूवादी नेता कमल मुनि जोशी, सुभाष नागर, विजय लोहनी, मनोज गुप्ता, विकास गुप्ता, आलोक वर्मा, जितेन्द्र नेहरा, शोभित त्यागी, आकाश सहित भारी संख्या हिन्दूवादी मौजूद थे।



# पीएम मोदी कल करेंगे काशीपुर रेलवे स्टेशन का शिलान्यास

## लाइव प्रोग्राम दिखाने के लिए लगाई गई है स्क्रीन, सजाए गए हैं पंडाल

काशीपुर( उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को करोड़ों की लागत से पुनर्विकसित हो रहे काशीपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रेल के अधिकारियों द्वारा लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसी दिन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा देश के 554 अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास को भी गति दी जाएगी। मोदी सरकार के इस अनूठे कम से समूचे देश में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए काशीपुर में भी रेल के अधिकारियों द्वारा लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। ऑनलाइन होने वाले



शिलान्यास कार्यक्रम को लाइव दिखाने के लिए रेलवे के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग से जुड़े अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में गेट के पास स्क्रीन लगाई है। इसके अलावा जंक्शन रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर भव्य पंडाल लगाया गया है। इस पंडाल में स्क्रीन तथा साउंड की व्यवस्था की गई है। पंडाल में सैकड़ो लोगों की बैठने की व्यवस्था है। रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर रणदीप कुमार ने सरकार के इस कदम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। काशीपुर में शिलान्यास कार्यक्रम की समूची व्यवस्था सीनियर डीएमई/एन एच एम सौरव कुमार सिंह के जिम्मे है। कार्यक्रम की तैयारीयों को फाइनल रूप देने में ए एस टी सलिल श्रीवास्तव, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (टेलीकॉम) मनोज जंगपांगी आदि प्रमुख रूप से सक्रिय देखे गए। यहां बता दें कि काशीपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास 8:55 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। जो पूरी तरह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

# कनकटा सड़क का विधायक अरविंद पांडे ने किया शिलान्यास

गदरपुर/सकैनिया ( उद संवाददाता)।क्षेत्रीय विधायक ने शनिवार को सकैनिया मुख्य मार्ग से ग्राम कनकटा को जाने वाली 2200 मीटर सड़क का शिलान्यास किया। यह सड़क पिछले कई वर्षों से टूटी हुई थी। सड़क टूटने के कारण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे जिसके चलते कई बार बाइक व स्कूटी फिसलने से ग्रामीण में स्कूली बच्चे चोटिल हो चुके थे। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरजीत सिंह सोनू व गुरजीत सिंह के प्रयासों से सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली। पाण्डे ने बताया कि सड़क का निर्माण कोल्ड मिक्स टेक्नोलॉजी से किया जाएगा जिसमें बरसात के पानी को सूखने की क्षमता होती है और सड़क लंबे समय तक चलेगी।



वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया की सड़क खराब होने से स्कूल जाने वाले बच्चों को बहुत अधिक परेशानी होती थी कोई भी स्कूल की बस या टुकटुक वाला गांव में आने को तैयार नहीं होता था जिसके चलते बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने हेतु गदरपुर में किराए का मकान लेकर रहना पड़ रहा था। सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। शिलान्यास के दौरान वर्तमान ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह विर्क,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरजीत सिंह सोनू,गुरजीत भूपेंद्र सिंह धालीवाल,संतोष गुप्ता,बंटी भुड्डी,पूर्व ग्राम प्रधान बलदेव सिंह,सरदार देवेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह,युवा नेता अतुल पांडे,शिवम त्रिपाठी,जलेश्वर नाथ त्रिपाठी, तिलक राज गंभीर,गुरमीत सिंह, सहित दर्जनों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# मरीज लेने आ रही 108 एंबुलेंस को ट्रक ने मारी टक्कर

गदरपुर। केलाखेड़ा से गदरपुर आ रही एंबुलेंस को ट्रक ने टक्कर मार दी। एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एंबुलेंस सवार ईएमटी और चालक घायल हो गए। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस और ट्रक को कब्जे में लेकर महतोष पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया। शनिवार की सुबह करीब 11:45 बजे पीएचसी केलाखेड़ा की 108 एंबुलेंस सीएचसी गदरपुर से मरीज लेने आ रही थी। मोतियापुरा बाईपास मोड़ पर एक ट्रक की टक्कर से एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एंबुलेंस सवार ईएमटी अमरपुरी निवासी पूनम सिर में चोट लगने से घायल हो गई जबकि गदरपुरा निवासी चालक समीर हुसैन मामूली रूप से चोटिल हो गया। सूचना पर 108 सेवा के डीपीओ नवनीत कुमार और थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी मौके पर पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी ली। एंबुलेंस चालक समीर हुसैन ने पुलिस को तहरीर सौंपी।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मातृभाषा दिवस पर वितरित किये पंजाबी अक्षर ज्ञान के कैलेंडर

## साका ननकाना साहिब एवं मोर्चा गंगसर जैतों के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। धर्मस्थानों को आतताइयों के कब्जे से मुक्त करवाकर सिख धर्म की मर्यादा कायम करने के उद्देश्य से चलाए गए अभियान के दौरान शहीद हुए सिंघों की याद में गुरबाणी पाठ एवं अरदास के उपरांत गोष्ठियों का आयोजन किया गया। नजदीकी ग्राम गणेशपुर के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मूल मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया।इस अवसर पर उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की जन्मस्थली गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब को भ्रष्ट महंतों के कब्जे से मुक्त कराया गया जिसमें शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए सैकड़ो सिंघ शहीद हुए थे जिन्हें साका ननकाना साहिब के शहीदों के रूप में याद किया जाता है वही मोर्चा गंगसर जैतो में गुरुद्वारा साहिब में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ को तत्कालीन अंग्रेजी सरकार द्वारा



अपनी दादागिरी के चलते मर्यादा को भंग कर दिया था जिसके रोष स्वरूप हजारों सिख संगत ने गिरफ्तारियां और शहीदियां देकर सिख धर्म की मर्यादा को कायम रखा, 21 फरवरी 1924 को मोर्चा गैंगसर जैतो फतह किया गया था।वहीं सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ द्वारा मातृभाषा पंजाबी भाषा दिवस पर संगत को अपनी मातृ भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बचपन से ही बच्चों को राष्ट्रीय भाषा हिंदी के साथ मातृभाषा पंजाबी भाषा का भी ज्ञान प्रदान करने के लिए अपील की उन्होंने सभी स्कूलों में पंजाबी भाषा लागू किए जाने का अभियान चलाने का भी संगत को आह्वान किया। इस दौरान गुरुमुखी भाषा अक्षर ज्ञान के कैलेंडरों का भी निशुल्क वितरण किया गया। एक जागरूक बालिका मनप्रीत कौर को गुरु घर संबंधी उनकी सेवाओं के प्रति सम्मान करते हुए सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अरदास करके सर्वत्र सुख शांति की कामना और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस मौके पर मनजीत सिंह, कमलजीत सिंह,हर्षप्रीत कौर, पवनदीप कौर,परमीत कौर, सिमरजीत कौर, नवजोत सिंह, युवराज सिंह, कर्मजीत कौर, प्रभजोत सिंह,परमजीत सिंह, हरजस सिंह,दक्षदीप सिंह, करनरूप सिंह आदि मौजूद रहे ।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवती से 1.08 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑन लाईन जॉब देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने युवती से 1.08 लाख रूपये ठग लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रबल सिटी निवासी पिंकी पुत्री मोहनराम नें कहा है कि दिनांक 1 दिसम्बर 23 को उसके व्हाट्सएप पर मैसेज जरिए पार्ट जॉब के लिए कहा गया। जिसमें कहा गया कि रिव्यू देने पर 50 रू मिलेंगे और उसे टेलीग्राम से जोड़ दिया गया। 3 दिसम्बर 2023 को एक प्रिपेड टास्क करने को कहा गया। जिसमें उसे पहले 1000, 1200 और फिर 500 रूपये देने को कहा गया। जिके बाद उन्होंने उसका पैसा कमीशन के साथ वापस कर दिया । फिर उसके द्वारा एक और प्रिपेड टास्क करने को कहा गया। जिसमें उन्होंने पहले 1000 रूपये लिए और वापस मांगने पर उन्होने कहा अपने बाकी 3 आर्डर करो तब मिलेंगे। फिर उन्होने 5599 रुपये मांगे। जो देने पर उन्होंनें कहा बाकी 2आर्डर और करो तब आपके पैसे वापस मिलेंगे। अब उन्होंने उसे 3बार में 8900 रूपये देने को कहा। जो देने के बाद वह 35000 फिर पूरे पैसे वापस लेने के 60000 माँग करने लग गये। लालच में आकर उसने 60000 3 बार में डाल दिये। कुल 1लाख 8 हजार लगभग दे दिये । उसके द्वारा पैसे वापस बात करने पर उन्होंनें कह दिया आपका क्रेडिट स्कोर 03 कम है और पैसे वापस करने के लिए 75,000 की मांग करने लगे। लेकिन उसने 75000 नहीं डाले। क्योंकि उसे शक हो गया था कि उसके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निरंकारी मिशन ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नाम स्मरण के उपरांत गूलरभोज रोड से किया गया। स्वच्छ जल स्वच्छ मन के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का आरंभ वर्ष 2023 में किया था इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया जाना सुनिश्चित है उनकी सफाई भी की जा रही है, पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए गई इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा



रैली गुलरभोज रोड से मुख्य बाजार सकैनिया मोड़ होते हुए रविवार बाजार के सामने स्थित संत निरंकारी मिशन आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। संत निरंकारी मिशन की गदरपुर ब्रांच के मुखी किशन लाल नारंग ने बताया कि आयोजित की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागरूक करना है ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। उन्होंने बताया कि निकायों का संरक्षण उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है उन्होंने बताया परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों,झीलों,तालाबों,झरनों प्रशंसा की जा रही है। रैली में सेवादारों द्वारा स्लोगन लिखी नाम पट्टिकाएं लेकर सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया।इस मौके पर दूर दराज के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए महिला पुरुष सेवादार शामिल रहे ।

# कॉर्बेट पार्क में जिप्सियों पर जीपीएस लगना शुरू

रामनगर(उद संवाददाता)। कॉर्बेट नेशनल पार्क प्रशासन ने जंगल सफारी कराने वाली जिप्सियों पर जीपीएस सिस्टम लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नियमों का पालन न करने पर जिप्सी स्वामियों पर कॉर्बेट प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। कॉर्बेट नेशनल पार्क प्रशासन इस कदम से सैलानियों की सुरक्षा को पुख्ता करना चाहता है। बता दें कि कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग जोनों में कॉर्बेट पार्क आने वाले पर्यटकों को भ्रमण पर ले जाने वाले जिप्सी चालकों की हर गतिविधि पर अब कॉर्बेट प्रशासन नजर रख सकेगा जिसको लेकर जिप्सियों में जीपीएस लगने का कार्य शुरू हो चुका है।वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले जिप्सी चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पर्यटकों को पार्क के अंदर भ्रमण कराने वाले जिप्सी चालकों के द्वारा नियमों का उल्लंघन करने के मामले भी लगातार सामने आते रहे हैं। वर्तमान में कॉर्बेट पार्क में लगभग 300



से अधिक जिप्सिया पंजीकृत हैं। जिप्सियों के माध्यम से पर्यटक सफारी का लुत्फ उठाते हैं। वहीं जंगल सफारी के दौरान कॉर्बेट प्रशासन ने कुछ नियम भी बनाए हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है। जिससे मानव और वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके। कॉर्बेट प्रशासन के नियमों में सफारी के दौरान वन्य जीवों से दूरी बनाए रखने, जंगल के अंदर शोर ना करने, सफारी के दौरान वाहन से ना उतरने की हिदायत दी जाती है,पर कई बार ऐसे वीडियो सामने आते है जब बाघ दिखने पर जिप्सी चालक उत्साहित हो जाते हैं, और नियमों की अनदेखी कर वाहन को जंगली जानवरों के नजदीक रोक देते हैं,जिससे खतरा बना रहता है। पिछले वर्ष 2023 से जनवरी2024 की बात करें तो 100 से ज्यादा जिप्सियों को नियमों का पालन न करने पर कुछ समय तक पार्क में जाने से प्रतिबंधित किया गया था। इतने ही चालक व गाइड पर भी पार्क प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई थी।वही मामले में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटि ने बताया कि हमारे द्वारा जिप्सियों में जीपीएस लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है,उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष नियमों का प्लान न करने वाले 100 से ज्यादा जिप्सियों पर हमारे द्वारा नियमो का प्लान न करने पर कार्रवाई की गई थी,वहीं अब जीपीएस लगने से हम सभी जिप्सियोंकी लोकेशन ट्रैक कर सकते है और लगातार इन पर नजर रख सकते है।

# खाना खाने आये चालकों पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः एक होटल में खाना खाने आये ट्रक चालकों के साथ लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद होटल स्वामी सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने उन्हें सरिया, कांपा व अन्य हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। बताया जाता है कि ग्राम कुरी खाना, मुरादाबाद निवासी नाजिम पुत्र रियाजुद्दीन, खजूरिया रामपुर निवासी फजेब पुत्र सुदन खरान व ग्राम इस्लामनगर गदरपुर निवासी शाकिब पुत्र जरीफ आरएस लोजेस्टिक में चालक का काम करते हैं। आज तीनों



रेलवे स्टेशन से ट्रक में मक्का लेकर सिडकुल की फैक्ट्री आये थे। ट्रक पार्किंग में खड़ी कर वह पास ही स्थित इंडियन मुरादाबादी एंड हैदराबादी चिकन कार्नर में खाना खाने गये। खाना खाने के बाद उनका होटल स्वामी से लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद करीब एक दर्जन लोगों ने तीनों युवको पर सरिया, कांपा व अन्य हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गये। मामले की जानकारी मिजलने पर पुलिस ने सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रशिक्षण

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में 'फ्लैग ऑफ सेरेमनी ऑफ प्रोजेक्ट गौरव' योजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देहरादून में ऑनलाइन माध्यम से किया गया। प्रोजेक्ट के नोडल अधिकार डॉ. अतीश वर्मा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर प्रदेश के पांच हजार छात्र छात्राओं को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बैनर तले सत्तर घंटों के तीन स्तरों में प्रशिक्षण प्रदान कर प्रमाणपत्र एवं स्वरोजगार प्रदान किया जाएगा। डॉ.अतीश ने बताया कि इस प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय के पैंसठ छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया है। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. मनप्रीत सिंह और डॉ. हितेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।



# 'यूट्यूब' पर वापस आया सुपरहिट 'गुलाबी सरारा' गाना

## गायक इंदर आर्या ने प्रशंसकों को दी शुभकामनायें: कहा कि कभी सोचा नहीं था आप लाग इतना सपोर्ट करोगे, उत्तराखंड ही नहीं देश और विदेश के प्रसंशकों में भी खूब छाया हुआ है यह 140 मीलियन व्यूस पार कर चुका यह पहाड़ी गीत



देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड के एक बहुचर्चित पहाड़ी गीत 'गुलाबी सरारा' को यूट्यूब से हटाने पर घमासान मचा हुआ था। वहीं अब 24 फरवरी को सुपरहिट लोकगायक इंदर आर्या का यह गीत दोबारा यूटयूब पर वापस आ गया है। सहित देश–दुनियां के 14 करोड़ से अधिक लोगों की पसंद बन चुका लोकगायक इंदर आर्या का हिट कुमाऊंनी गीत गुलाबी शरारा फिर से यूट्यूब में लौट आया है। शनिवार शाम करीब सात बजे जैसे ही यह यूट्यूब पर सर्च करते हुए नजर आया तो यूजर्स में उत्साह छा गया। उत्तराखंड के इस गीत को उत्तराखंड ही नहीं देश और विदेश के प्रसंशकों में भी खूब छाया हुआ है। लगभग हर विवाह समारोह एवं अन्य मनोरंजन के कार्यक्रमों में यह गीत लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह गीत हर किसी की जुबान पर छाया हुआ है। यूट्यूपर चैनल पर गीत दोबारा रिलीज होने पर गायक इंदर आर्या ने सोशल मीडिया लाईव प्रतिक्रिया में कहा है कि कभी सोचा नहीं था आप लाग इतना सपोर्ट करोगे। आज मुझे बहुत गर्व हो रहा है। मै चाहता हूं उत्तराखंड का यह गाना अब 500 मीलियन जायेगा। उन्होंने कहा कि उनके गीतों में कई गीतों की धुन मिलती है। वह कई वर्षो से गायकी कर रहे है। पहाड़ के कई कलाकार गीत बनाते है औरउनकी धुन समान होती है लेकिन हमे किसी की आचोलना नहीं बल्कि आगे बढ़ते हुए कलाकार का हौसला बढ़ाने की जरूरत है। इंदर आर्या ने सोशल मीडिया पर अपने लाखों प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि 20 से तीस वर्ष पुराना कोई गीत गाया गया है जिसे एक कंपनी ने स्ट्राइक कर दिया था। गुलाबी सरारा अब तक 140 मीलियन व्यूस आ चुके है। इंदर आर्या ने सभी प्रशंसकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जब तक मेरी आवाज में दम होगी और भी कई गीत गाते रहूंगा वह कई और गीत के साथ तैयारी में लगे हुए है। उत्तराखंड के अधिकांश लोकगायकों ने भी इस तरह किसी गीत की धुन को लेकर कॉपी राईट स्ट्राइक लगाने को पूरी तरह से औत्यिहीन बताया गया जबकि गढ़वाल मंडल के लोकगायक गजेंद्र राणा ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा था कि यूट्यूब की स्ट्राइक में उनका कोई हाथ नहीं है। अगस्त 2023 में यंग उत्तराखंड चौनल पर लांच हुआ गुलाबी शरारा गीत उत्तराखंड के लोकगीतों में पहला गीत बना जो अब तक 14 करोड़ से अधिक लोगों की पसंद बन चुका है। नेपाल की कलाकार भाविका प्रधान के इसमें रील बनाई तो यह इंस्टाग्राम में ट्रेंड कर गया। इसके बाद देश दुनियां के सेलिब्रिटी सहित उत्तराखंड मूल के बॉलीवुड कलाकारों ने रील बनाई। यहां तक कि देश–दुनियां के सोशल मीडिया इंफ्लून्सर ने रील बनाई। हाल ही में एक पुराने गढ़वाली गीत की धुन की कॉपी होने की वजह से यूट्यूब ने इस गीत को हटा दिया तो पहाड़ के लोकसंगीत जगत में भूचाल आ गया। सोशल मीडिया में लोकगायक इंदर आर्या के समर्थन में मुहिम छिड़ गई। इतना ही नहीं उत्तराखंड का पहाड़ी गीत यूट्यूब से हटाने के बाद मामला कानूनी स्तर तक पहुंच गया था। गढ़वाल के लोकगायक गजेंद्र राणा ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा था कि यूट्यूब की स्ट्राइक में उनका कोई हाथ नहीं है, उन्होंने जो गीत गाया, कंपनी के लिए गाया और उसका मेहनताना लिया था। यह पूरी तरह यूट्यूब चैनल का मामला है। लोकगायक गोविंद दिगारी के अनुसार यदि यह गीत वापस नहीं होता तो पहाड़ के झोड़े चांचरी सहित अन्य विधाओं की लोकधुनों पर ही बड़ा संकट खड़ा हो सकता था। वहीं सोशल मीडिया पर एक यूजर की पोस्ट के अनुसार मेरे विचार से चंदा पहाड़ी चैनल ने गलत किया इस गीत को हटवा कर ऐसे तो मैं नी आंदी राजू तेरी गाडी मां ...ये टुकड़ा तो गजेन्द्र राणा के गाने से भी पुराना है और हूं बस हूं उसी धुन में है। ये तो चलता है थोड़ा बहुत मेल। हिंदी फिल्म गीतों में तो पूरी धुन मिल जाती रही है। उन्होंने लोकगायकों से आपसी भेदभाव से दूर रहकर रचनात्मक गीतों के जरिये युवा कलाकारों के लिए प्रेणदायी गीत बनानी की अपील की है।

## ठुमक ठुमक,जब हिट छै तू पहाड़ी बाट्यूं मा..

### उत्तराखंड में सोशल मीडिया पर छिड़ी हुई थी 'गुलाबी सरारा कम बैक' की मुहिम

"ठुमक ठुमक, जब हिट छै तू पहाड़ी बाट्यूं मा..उत्तराखंड का यह कुमाऊंनी गीत गुलाबी शरारा इन दिनों देश ही नहीं विदेश में भी इंटरनेट मीडिया पर धमाल मचा रहा है। उत्तराखंड में यह गाना इतना अधिक प्रसारित हुआ था कि छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं, फिल्मी सितारे व विदेशी तक इस गाने पर ठुमकते हुए देखे जा रहे थे। लेकिन इस बीच खबर आई है कि इस गीत को यूट्यूब से हटाया गया है, जिसपर गायक ने खासी नाराजगी व्यक्त की है। वहीं कई यूजरों ने भी अपनी प्रतिक्रिया में कई पोस्ट की है। एक यूजर ने हैसटैग गुलाबी सरारा कम बैक करते हुए पोस्ट में कहा है कि 'गुलाबी शरारा' पे धुन कॉपी का स्ट्राइक हो गया और यूट्यूब से गाना हटा दिया गया। क्लैम करने वाला भी बेवकूफ ही है इतनी ईर्ष्या ? अरे भाई शुरू में ही क्लेम कर देता तो एक बात होती। जब गाना उत्तराखंड के नाम से इतना प्रसिद्ध हो गया तब जाकर दावा करना और हटवाना मानसिक विकृति ही दर्शाती है सदमा झेल नहीं पाया होगा शायद अगले की प्रसिद्धि से। इस हिसाब से तो उत्तराखंड के 80% गाने डिलीट हो जाने चाहिए अब क्योंकि आज कल के तथाकथित लोकगायकों के गीत तो पुराने असल लोकगायकों के लोकगीतों की ही कॉपी है। दूर ग्रामीण अंचलों में ओरिजनल जो लोकगायक हैं उन्हें तो स्टेज और सम्मान ही नहीं मिल पाता अब भी जो धुर डानों कानों में गीत रच देते हैं। वैसे इन सबको सबक भी लेना चाहिए लोक संस्कृति मे रचे बसे धुन को, लिरिक्स को चुरा चुरा के आजकल के ये गायक हिट हो रहे हैं दिलों में नहीं सिर्फ सोशल मीडिया के रीलों पर। इंद्र आर्या जी के प्रति तो कोई हमदर्दी नहीं है जैसी करनी वैसी भरनी क्योंकि वो भी अपने आप में इस स्वभाव के लिए जाने ही जाते हैं मेरा गीत वाली भावना,लेकिन 'गुलाबी सरारा' गीत से जो देश विदेश में उत्तराखंड का नाम हुआ था उसकी वजह से यह यूट्यूब का स्ट्राइक थोड़ा अजीब लगा। एक अन्य यूवजर के कहा आप सभी कमेंट जरूर करे की जो गुलाबी सरारा वाला सोग यू ट्यूब से हटाया गया था जो गाना देश बिदेशो तक अपनी एक पहचान बना चुका था और इसको इंद्र आर्य जी ने गाया था। एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया है कि जिस दिन एक दूसरे से जलना बंद कर दोगे उस दिन जरूर कामयाब बनोगे क्या बीत रही होगी उस संगीतकार पर उस गायक पर जिसने इतनी मेहनत से उत्तराखंड के बहुचर्चित गाना गुलाबी सरारा को डिजाइन किया और अब उस गाने किसी अज्ञात द्वारा कॉपीराइट क्लेम देकर यूट्यूब से डिलीट करवा दिया तब कहा थे वो लोग जब गाना रिलीज हूवा था अब याद आई जब गाना विश्व विख्यात हो गया था।




"खुशखबरी! गुलाबी सरारा वापस आ गया है! हाल ही में यूट्यूब पर कॉपीराइट मुद्दों के कारण ये गाना हट गया था, लेकिन अब वह फिर से हमारे साथ है। ये गाना सिर्फ एक गाना नहीं है, बल्कि एक उत्तराखंडी गर्व का प्रतीक है। गुलाबी सरारा को यूट्यूब पर सबसे ज्यादा पसंद किया गया (140 मिलियन आज की तारीख तक ) आइये, फिर से इस गाने का आनंद लें और इसे अपने दोस्तों के साथ साझा करें। गाने से जुड़े सभी कलाकारों टेक्नीशियंस और पूरे उत्तराखंड को शुभकामनाएं।" **इंदर आर्या, लोक गायक**

# इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग निर्माण का विधायक ने किया शुभारम्भ



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने किच्दा बाईपास के पास इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग के निर्माण का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मार्ग की सुध पिछले 15 साल से किसी ने नही ली थी। 2006 के बाद से इस मार्ग को लेकर कोरी घोषणाएं हुई, लेकिन धरातल पर सिर्फ निराशा ही हाथ लगी। किच्छा बाईपास रोड स्थित हुंडई एजेंसी के पास से ऑक्सफोर्ड अकेडमी से लेकर अमृत सागर डेरा भजनगढ़ से जयगुरुदेव इंडस्ट्रीज को जोड़ने वाला यह मार्ग वर्षों से जर्जर हालत में था। भजनगढ़ डेरे को मानने वाले हजारों श्रद्धालुओं की मांग थी इस रोड का निर्माण किया जाये लेकिन उनको पिछले 15 साल से निराशा ही हाथ लगी। विधायक शिव अरोरा ने डेरा भजनगढ़ के वार्षिक समागम में जिला अध्यक्ष रहते हुए इस मार्ग के निर्माण का आश्वासन दिया था। अपने वादे पर खरे उतरते हुए उन्होंने डेरा भजंगढ़ को जाने वाले एक किमी मार्ग को राज्य योजना से स्वीकृत करवाया और डेरा भजनगढ़ के बाबा विक्रमजीत सिंह के साथ इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगो द्वारा विधायक शिव अरोरा को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से इस मार्ग की हालत इतनी खस्ता थी कि इसपर लोगों की आवाजाही चुनौती भरी रहती थी। पूर्व जनप्रतिनिधि द्वारा सिर्फ तारीखें ही दी गयी धरातल पर कुछ नजर नही आया। धामी सरकार के नेतृत्व में इसके निर्माण कार्य को सुनिश्चित करवा रहे हैं और अब जल्द यह रोड बनकर आमजन को समर्पित हो जायेगी।इस दौरान डेरा स्वामी विक्रमजीत सिंह ने विधायक शिव अरोरा को शॉल भेट कर आभार भी जताया। इस दौरान बाबा विक्रमजीत सिंह, समाजसेवी पवन अग्रवाल, बंशीधर गुम्बर, हरजीत हरजी, सुशील गाबा, विनय बत्रा, रोहित गुम्बर, अनमोल विर्क, किरन विर्क, विशाल खेड़ा, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़,पवन चीमा, राजेश कामरा, राजेश ग्रोवर, सुनील यादव, सोनू वर्मा, शुभ शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रदीप बिष्ट नैनीताल व अल्मोड़ा लोकसभा के सह प्रभारी नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी नैनीताल के निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट को प्रदेश नेतृत्व ने कद बढ़ाते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। भाजपा ने प्रदीप बिष्ट को भाजपा क्लस्टर (नैनीताल व अल्मोड़ा लोकसभा) का सह प्रभारी एवं महत्वपूर्ण कमेटी विशेष संपर्क अभियान में मदन कौशिक, विजय बहुगुणा के साथ सहसंयोजक भी बनाया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिम्मेदारी मिलने पर प्रदीप बिष्ट कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाने के लिए वह दिन–रात काम करेंगे। केंद्र में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए दोनों लोकसभा में पार्टी को और अधिक मत प्रतिशत से जिताने के लिए पार्टी के निर्देश अनुसार पूरे तन मन से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन द्वारा उन पर विश्वास जताने और जिम्मेदारी दिए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।



# उत्तराखंड में10वी और 12 वी की बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू, तैयारियां पूर्ण

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2024 की 10 वी और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं, 27 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। इस बार 10वीं और 12वीं में कुल 210354 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं,जिसमे 10वीं में 115606 परीक्षार्थी जबकि 12वीं में 94748 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च को समाप्त होंगी। उत्तराखंड बोर्ड द्वारा इस बार 162 सवेंदनशील के साथ ही 6 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए है। 10 वी कक्षा में(संस्थागत) रेगुलर परीक्षार्थी की बात करें तो 113281 परीक्षार्थी रेगुलर समलित होंगे। जबकि 2325 प्राइवेट परीक्षार्थी समलित होंगे। इस प्रकार 10वी में इस बार 115606 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जबकि 12वी कक्षा में रेगुलर(संस्थागत) परीक्षार्थी 90351 परीक्षार्थी शामिल है जबकि प्राइवेट परीक्षार्थी में 4397,इस प्रकार इंटरमीडिएट में कुल 94748 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 10वी और 12 वी में कुल 210354 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस बार दसवीं की और 12वीं की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च को खत्म होगी, 27 फरवरी को दसवीं का हिंदुस्तानी संगीत, जबकि 12वीं का हिंदी कृषि की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा का समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। पिछले वर्ष की बात करें तो पिछले वर्ष 10वी में 127844 परीक्षार्थी जबकि 12 वीं में 123945 परीक्षार्थी शामिल थे,इस प्रकार कुल पिछले वर्ष 251789 परीक्षार्थी 10वी और 12वी में शामिल थे। 2024 में ये संख्या घटकर 210354 रह गयी है,इस प्रकार से इस बार 10वी और 12वी में 41435 छात्र छात्राओं की संख्या कम हुए है। वहीं विद्यालयी परिषद परीक्षाओं को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# प्रत्याशी चयन के लिए शिव अरोरा बने अल्मोड़ा के पर्यवेक्षक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन के लिये भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। जिसमें विधायक शिव अरोरा को भी पर्यवेक्षक बनाया गया है। विधायक शिव अरोरा ने बताया कि उनको अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर पर्यवेक्षक बनाकर भेजने का निर्णय किया गया है और वह इसके लिए रविवार को अल्मोड़ा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों के बीच जाकर उनकी रॉय जानेंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा वह पार्टी के सिपाही के रूप में उनको जहाँ जो जिम्मेदारी दो जाती है वह उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हैं ,उनके साथ प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी भी पार्टी की ओर से अल्मोड़ा रायशुमारी में रहने वाले है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव में जुटना चाहिये।



## गर्जिया मंदिर के पास हाथी आने से मचा हड़कम्प

रामनगर (उद संवाददाता)। गर्जिया मंदिर के पास हाथी आने से हड़कम्प मच गया। दुकानदारों की सूचना पर वन कर्मियों ने पटाखे फोड़कर हाथी को भगाया। जानकारी के मुताबिक गर्जिया मंदिर परिसर के पास विगत रात्रि हाथी आने से वहां हड़कम्पम च गया। कोसी रेंज के कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि रात में गर्जिया मंदिर परिसर में हाथी आ गया। हाथी को देख दुकानदारों में खलबली मच गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने पटाखे आदि फोड़कर हाथी को जंगल में खदेड़ दिया।

# व्यापार मण्डल अध्यक्ष गोयल भी भाजपा में होंगे शामिल

### अध्यक्ष दिनेश गोयल के साथ कई व्यापारी भी ले सकते हैं भाजपा की सदस्यता

■ **अनिल सागर**

नानकमत्ता। लोकसभा के निकाय चुनाव के चलते नानकमत्ता विधानसभा में चेयरमैन के भाजपा में जाने की आहट के बीच नगर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दिनेश गोयल भी कई व्यापारियों के साथ भाजपा का दामन थाम सकते हैं। कांग्रेस नेताओं के भाजपा में जाने की चर्चा नगर में जोरों पर है। वही कांग्रेस ने कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं से अभी तक कोई बातचीत नही की है। जिससें इनका भाजपा में जाना तय माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में अपना गढ़ मजबूत करने के लिए भाजपा ने कांग्रेस नेताओं की घेराबंदी शुरू कर दी है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वालों की तादात लम्बी होती जा रही है। खटीमा के



ब्लाक प्रमुख रंजीत नामधारी व नानकमत्ता क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य के बाद नगर पंचायत के चौयरमेन प्रेम सिंह टुरना, पूर्व ब्लाक प्रमुख भुवन सिंह राणा समेत कई कांग्रेसियों के भाजपा में जाने की चर्चा थी, अब नगर उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश गोयल ऊर्फ पप्पू का नाम भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वालों की सूची में आ गया है। अटकले हैं कि चेयरमैन के साथ व्यापार मण्डल अध्यक्ष भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकतें है। ऐसे में अगर इन नेताओं ने कांग्रेस को अलविदा किया तो नानकमत्ता क्षेत्र में कांग्रेस को नए सिरे से संगठन खड़ा करना होगा। आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस को मंथन करने की आवश्यकता है। अभी तक कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं को रोकने का भी कोई प्रयास नही किया है।

### भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कल ले सकते हैं सदस्यता

नानकमत्ता। राजधानी देहरादून में भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भटट की अगुवाई में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को सदस्यता दिलाई जा सकती है। सूत्रों की मानें तो पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने भाजपा हाईकमान से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं के लिए समय ले लिया है।

# महिलाओं के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित: मीना

### महिला कांग्रेस ने आयोजित किया नारी सम्मान समारोह

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि महिलाओं के सम्मान में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।श्रीमती शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का उत्पीड़न लगातार जारी है, उनके शोषण





के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि जो सरकार महिलाओं का सम्मान नहीं करेगी, उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। श्रीमती शर्मा शनिवार को सुबह ट्रांजिट कैंप गोल मड़ैया स्थित जन्म भूमि इंटर कॉलेज परिसर में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित नारी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर श्रीमती शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बाद में कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंची प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सुनीता कश्यप एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव सपना गिल का भी महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा ने कहा कि महिलाएं कमजोर नहीं है। महिलाएं देश की दिशा और दिशा को तय करती है। लेकिन भाजपा शासन में महिलाओं पर उत्पीड़न लगातार जारी है, उन पर शोषण किया जा रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने कहा कि पूरे देश में महिला कांग्रेस के नेतृत्व में नारी सम्मान सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा पूरे देश में इसको लेकर अभियान चला रही है। इसी क्रम में उत्तराखंड में भी उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में भी विधानसभा स्तर पर नारी न्याय सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रुद्रपुर में भी यह कार्यक्रम हुआ है उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि वह उनकी एक-एक समस्या के लिए रात दिन संघर्ष करेंगी। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप, और प्रदेश सचिव सपना गिल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख महिलाओं में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,पूनम गुप्ता, मंजू जैन, पार्षद प्रीति साना,नगर पालिका परिषद की पूर्व सभासद मालती मौर्य, सोनू शर्मा, अंकिता अधिकारी, बबली रस्तोगी, संगीता मंडल, रानी रस्तोगी, कमलेश कुमारी, भूपेंद्र कौर, सोनी शर्मा, चंद्रावती, फूल कुमारी, सोनम, सरिता रोशनी रस्तोगी रिया सुनीता सैनी,जुबेदा बेगम, मैसर जहां, संगीता मंडल,सरोज रानी,ममता, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## आर्य और सुमित ने किया बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या व विधायक सुमित हृदयेश ने हिंसा में जलकर राख हुए बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया। जिसके बाद हिंसा में हताहत हुए लोगो के निवास पहुँचकर परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस हिंसा के पीछे जो भी हो उसके खघ्लिाफ सखघ्त से सखघ्त कानूनी कार्यवाही हो। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वे अहिंसा में विश्वास करने वाले लोग है और जिस तरह की हिंसा हुई उसकी वह



घोर निंदा करते हैं और इस हिंसा में जो भी लोग संलिप्त हो उनके खिलाफ कानून के दायरे में सख्त से सख्य कानूनी कार्यवाही हो। साथ ही जो निर्दोष इस प्रकरण में फसे है उनको न्याय मिले।जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष और विधायक छायाकार राजेन्द्र बिष्ट (बबली) और संजय कनेर के निवास पहुँचे और उनके स्वास्थ की जानकारी ली और उन्हें जल्द स्वास्थ लाभ की कामना की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, सतीश नैनवाल, मयंक भट्ट, सुहेल सिद्दीकघी, गुफरान, जावेद, इशरत अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में 11 रेलवे स्टेशन होंगे हाईटैक: भट्ट

रुद्रपुर (उद संवाददाता) ।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशन के विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज /अंडर पास के शिलान्यास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है ।केंद्रीय रक्षा एव पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि राष्ट्र को समर्पण के इस अभियान में उत्तराखंड में 5120 करोड़ की परियोजनाएं वर्ष 2024- 25 के लिए चल रही हैं जिनमें 11 स्टेशन वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के तर्ज पर बनाए जाएंगे। भट्ट ने बताया कि नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र में



प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशीपुर जंक्शन और 3 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास/ लोकार्पण किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को देश को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं उत्तराखंड में भी रेलवे के विस्तार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5120 करोड रुपए की परियोजनाएं चल रही है श्री भट्ट ने कहा कि रेलवे द्वारा 17236 करोड़ के परियोजना उत्तराखंड में समर्पित की गई है। जिन में वर्ष 2024- 25 के लिए 5120 करोड़ के बजट से विकास कार्य चल रहे हैं। जिनमें 11 स्टेशन वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेंगे हैं श्री भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग निर्देशन में 26 फरवरी को होने वाले रेलवे स्टेशनों के विकास एवं रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास के शिलान्यास उद्घाटन में उनके संसदीय क्षेत्र में काशीपुर रेलवे स्टेशन व तीन रेलवे अंडरपास का शुभारंभ व शिलान्यास होगा। भट्ट ने उत्तराखंड को मिली सौगात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

## हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था ठप

### विधायक राणा ने हड़ताली कर्मचारियों की समस्या सुनी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत नानकमत्ता में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था ठप हो गई है, नगर में जहां-तहां कूड़े के ढेर और नालिया चौक हुई पड़ी है, नगर पंचायत के प्रशासक व किसी अधिकारी ने अभी तक हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की सुध नहीं ली है, वहीं कांग्रेस के विधायक गोपाल सिंह राणा ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की मांग पत्र को विधानसभा में सदन पर उठाने की बात कही है। पिछले पांच दिनों से नगर पंचायत के 8 कर्मचारी हटाए जाने के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर नगर पंचायत के प्रांगण में धरना देना शुरू कर दिया है, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था बिल्कुल



ठप हो गई है। आज नगर पंचायत में पहुंचे विधायक गोपाल सिंह राणा ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की समस्या को सुना। इस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। विधायक ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को वह विधानसभा में उठाने का प्रयास करेंगे। इधर हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की अभी तक किसी अधिकारी ने कोई सुध नहीं ली है,नगर पंचायत के प्रशासक ने भी कर्मचारी से वार्ता नहीं की है, जिससे कर्मचारियों की हड़ताल लंबी खिंच सकती है। नगर पंचायत के वर्तमान अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का समर्थन किया।इस मौके पर सोनू कुमार, विपिन कुमार, पिंटू समेत दर्जनों कर्मचारी थे।

## चोरी की आठ बाइकों के साथ तीन आटो लिफ्टर गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने तीन आटोलिफ्टरों को गिरफ्तार कर चोरी की आठ बाइकें बरामद की हैं। आरोपियों ने बाइकों को संजय वन के जंगल में छिपाया था। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि सिडकुल पंतनगर क्षेत्र में लगातार बाइकें चोरी हो रही थीं। पुलिस टीमों ने संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली थी। शुक्रवार को एसएचओ राजेंद्र सिंह डांगी, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली अशोका लेलेंड कंपनी रोड पर चेकिंग कर रहे थे।इस दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो युवकों को रोका गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम नितिन निवासी ग्राम आबादनगर गदरपुर और चंदन कुमार निवासी ग्राम नंदपुर गदरपुर बताया। आरोपियों ने इस बाइक को चोरी की होना बताया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर उनके साथी निरंजन सिंह निवासी ग्राम गदरपुर को संजय वन से गिरफ्तार किया और यहां छिपाई गई सात बाइकें बरामद कीं। बरामद बाइकों में से तीन सिडकुल क्षेत्र से चोरी की गई हैं। एसपी सिटी ने बताया कि पांच बाइकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। एक आरोपी चंदन के खिलाफ मारपीट और बलवा का केस दर्ज है। एसएसपी ने टीम को ढाई हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।वहां पर सीओ तपेश कुमार मौजूद रहे।

# पूर्व जिपं सदस्य बजाज सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा की कार्यशैली व विकास कार्यो से प्रभावित होकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज सहित सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने पर सभी लोगों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि वर्तमान समय मे भाजपा की बड़ी लहर चल रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व से प्रभावित होकर पूरे देश मे लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में सैकड़ो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं सभी का भाजपा में स्वागत हैं और आशा करते है आप सभी पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। शामिल होने वालों में पूर्व जिला पंचायत



सदस्य राजेश बजाज, बीडीसी सदस्य दुलाल मालिक, मनोज मिस्त्री , शांति बाला, भोला हलदार, सरिता चौधरी, रवि विश्वास, तापस मण्डल, प्रशांत मण्डल, सुभाष मण्डल, प्रमोद बोरा, तेज सिंह, प्रकाश मण्डल, अंकित मण्डल, प्रकाश गुप्ता, मनीष छाबड़ा, महेंद्र सिंह, अंकित बठला, प्रकाश बसु, सपन मिस्त्री, दीपक मालिक, देवाशीष, सुखदेव , भोला पांडेय, भारत मिश्रा,नीताई विश्वास, मीरा , प्रसंजीत सिंह, लक्ष्मण रामनाथ ,कुलवंत ,विप्लब् विश्वास, सावित्री सरकार आदि शामिल थे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट , मनमोहन वाधवा, आयुष चिलाना, प्रीत ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## उपेक्षित दिव्यांगजन

प्रदेश में दिव्यांग जनों के विकास के लिए कई योजनायें संचालित की जा रही हैं। शासन द्वारा उन्हें कृतिम अंगों का नापजोख लेकर वितरण किया जा रहा है तो वहीं सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण प्रदान किया गया है। इतना ही नहीं परिवहन निगम की बसों में सीट आरक्षित रखने के साथ पात्रता के अनुसार यात्रा में छूट प्रदान की गई है। दिव्यांग बच्चों को विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए सुविधाओं के साथ प्रेरित किया जा रहा है। राज्य में समय समय पर आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से भी दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों से समाधान कराया जाता है। आवेदन पत्र भरवाने के साथ ही उनके विभिन्न प्रमाण पत्र बनवाकर सौंपे जाते हैं। पिछले कई वर्षों से दिव्यांग युवाओं को बेहतर खेल प्रशिक्षण देकर उन्हें खेलों के प्रति भी प्रोत्साहन किया जा रहा है। जिसके काफी अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। देश के कई दिव्यांग खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में पदक जीतकर विदेशों में भारत का नाम रोशन किया है। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी दिव्यांगजन तमाम समस्याओं से जूझते रहते हैं। उनकी यह शिकायत रहती है कि समाज कल्याण कार्यालय में किसी भी कार्य के लिए जाने पर वहां मौजूद अधिकारी या कर्मचारी उनकी अच्छी तरह से सुनवाई नहीं करते हैं और न ही सही मार्ग दर्शन करते हैं। उनके समक्ष कई बार राजकीय बसों में सफर करने के दौरान समस्याएं आती हैं। कई बार आयोजित बहुउद्देशीय शिविरों में अधिकारियों के न आने से उनकी समस्याएं पूरी तरह से हल नहीं हो पाती हैं। प्रदेश के दिव्यांग जन अपनी विभिन्न मांगों को ज्ञापन के माध्यम से सरकार के समक्ष उठाते रहते हैं लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। इसे राज्य के दिव्यांगजनों की उपेक्षा ही कहा जा सकता है। दिव्यांग युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित तो किया जा रहा ह। परंतु प्रदेश में आज भी कई ऐसी दिव्यांग खेल प्रतिभाएं हैं जिन्हें अभी तक अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका ही नहीं मिल पाया है। सरकार को ऐसी खेल प्रतिळभाओं को आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। जिसके लिए ग्राम स्तर से केवल दिव्यांग युवाओं के लिए विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित करनी होंगी। जिनमें बेहर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन कर उन्हें बेहतर खेल प्रशिक्षण देने साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर देकर उनकी प्रतिभा को निखारना होगा। विश्व में आज अनेक खेल प्रतियोगिताएं केवल दिव्यांग जनों के लिए ही आयोजित की जाती हैं। जो महिला पुरूष दोनों के लिए होती हैं। दिव्यांग जनों को दिये जाने वाले ट्राई साईकिल, बैसाखी, कैलीपर, कृतिम हाथ, पैर सहित अन्य उपकरणों की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अब इलैक्ट्रोनिक वाहन के चलन से दिव्यांग जनों को काफी मदद मिल रही है। दिव्यांग जनों की जो भी मांगे हैं सरकार को उन पर गंभीरता से विचार कर आपस में वार्ता के पश्चात सुलझााने का प्रयास करना होगा। वहीं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सख्त निर्देश जारी करने होगे कि दिव्यांग जनों की विभाग से सम्बधित सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाये। स्कूलों में दिव्यांग बच्चों को भेजने के लिए उनके अभिभावकों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके लिए सम्पूर्ण राज्य में व्यापक स्तर पर अभियान चलाना होगा। यदि दिव्यांग जनों को शासन प्रशासन तथा सभी विभागी अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिले तो यह स्वयं आत्मनिर्भर हेंाकर देश के विकास में भी अपना योगदान कर सकते हैं। दिव्यांगजनों को प्रात्साहित करने के लिए केद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए सरकारी विभगों को सक्रियता से कार्ययोजना बनानी चाहिये।

# परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भर होता देश

भारत में एक ओर अर्से से अटकी परमाणु बिजली परियोजनाओं में विद्युत का उत्पादन शुरू हो रहा है, वहीं निजी निवेश से परमाणु ऊर्जा बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपए की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए। ये देश के पहले स्वदेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं। ये उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं। ये संयंत्र प्रतिवर्ष लगभग 10.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। दूसरी तरफ भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों से 26 अरब डॉलर का निवेश आमंत्रित किया है। यह पहल ऐसे स्रोतों से बिजली बनाने की मात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो वायुमंडल में प्रदुषण और तापमान बढ़ाने वाले कार्बनडाइऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं। यह पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी। वर्तमान में यह 42 प्रतिशत है। सरकार इस सिलसिले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा पावर, अदाणी पावर और वेदांत लिमिटेड सहित पांच निजी कंपनियों से बात कर रही है। प्रत्येक कंपनी को 5.30 अरब डॉलर का निवेश करने को कहा गया है। इस सिलसिले में परमाणु ऊर्जा विभाग और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने इस निवेश के बाबत बीते वर्ष निजी कंपनियों के साथ कई दौर की बातचीत की हुई है। सरकार को इस निवेश से 2040 तक 11000 मेगावाट नई परमाणु बिजली उत्पादन क्षमता की उम्मीद है। फिलहाल एनपीसीआईएल के पास 7500 मेगावाट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र काम कर रहे हैं। इसमें और बढ़ोत्तरी के लिए 1300 मेगा वाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो निवेश से संभव हो सकेगा। निजी कंपनियों के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग की शर्तों में परमाणु संयंत्रों के उपकरणों के साथ भूमि और पानी के प्रबंधन में होने वाला खर्च कंपनियां उठाएंगी। हालांकि संयंत्र के निर्माण, संचालन और उसमें प्रयुक्त होने वाले ईंधन का अधिकार एनपीसीआइएल के पास रहेगा। निजी कंपनी इन संयंत्रों में बनने वाली बिजली बेचकर राजस्व प्राप्त करने की आधिकारी होंगी और एनपीसीआइएल परियोजना के संचालन का शुल्क वसूल करेगा। अतएव कहा जा सकता है कि ये शर्तें व्यावहारिक होने के साथ सरकार और कंपनी दोनों के लिए ही लाभदायी साबित होंगी। साथ ही बड़ी मात्रा में नए कुशल और अकुशल रोजगार का सृजन होगा। परमाणु ऊर्जा परियोजना के विकास का यह हाईब्रिड नमूना परमाणु क्षमता स्थापित करने में भविष्य में अत्यंत मददगार साबित होगा। इस योजना के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 में किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता नहीं पड़ी है। हमारे यहां दो तरह के परमाणु रिएक्टर हैं। एक गर्म पानी का जिसे बॉयलिंग वॉटर रिएक्टर और दूसरे को प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर कहा जाता है। इनमें प्राकृतिक यूरेनियम का प्रयोग होता है। यूरेनियम के अणुओं के विखंडन के लिए, पहले रिएक्टर में अति उच्च दबाव और तापमान में पानी को खोलाया जाता है, जिससे अणु विखंडित होकर ऊर्जा में परिवर्तित हों। यह प्रक्रिया लगातार टरबाइन में चलती रहती हैं। इसे टरबाइन ब्लेड में चलाने की प्रक्रिया के साथ ऊर्जा उत्सर्जित होने लगती है। दूसरे रिएक्टर में ऊर्जा पानी के भारी दबाव से बनती है और इसमें पानी की मात्रा की बहुत ज्यादा जरूरत होती है। इसीलिए ये संयंत्र समुद्री तटों पर लगाए जाते हैं। गुजरात के तापी काकरापार परमाणु संयंत्र में बिजली पानी के उच्च दबाव से बनेगी। हालांकि अभी तक परमाणु ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लक्ष्य को सरकार हासिल करने में असफल रही है। इसका एक प्रमुख कारण परमाणु ईंधन आपूर्ति की कमी रही है। 2010 में इस हेतु मनमोहन सिंह सरकार ने रीपोसेस्ड परमाणु ईंधन की आपूर्ति के लिए अमेरिका से करार किया हुआ है। साथ ही एक बड़ी समस्या परमाणु ऊर्जा उत्पादन के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना के लिए कड़े मुआवजा कानूनों का होना है। यही वजह है कि परमाणु संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन के काम वर्षों से अधर में लटके हुए थे, जो अब काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली उत्पादन के साथ, लगता है गति पकड़ेंगे। दरअसल अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान छह साल से अटके असैन्य परमाणु ऊर्जा अनुबंध पर समझौता नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल की शुरूआत में ही हो गया था। इस करार की बड़ी सफलता यह रही कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कौशल के चलते भारत को झुकना नहीं पड़ा और अमेरिका संतुष्ट हो गया। इस मुद्दे के सिलसिले में दोनों देशों ने चतुराई यह बरती कि परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम मां संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी। इस परमाणु करार को अमल में लाने के बाबत सबसे बड़ी बाधा 'परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम' का उपबंध 17 था। इस धारा में प्रावधान हैं कि यदि अमेरिकी उपकरणों के कारण भारत में कोई त्रासदी होती है तो परमाणु संयंत्र प्रदायक कंपनी को नुकसान की भरपाई करनी होगी। जाहिर है, यह शर्त दुर्घटना होने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराती है। इसीलिए 2008 में इस समझौते के हो चुकने के बावजूद कोई विदेशी परमाणु ऊर्जा कंपनी भारत नहीं आई। जबकि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने इस करार को लागू करने के लिए सरकार ही दांव पर लगा दी थी। इस कानून में संसद में वामदलों की मांग के चलते यह कठोर शर्त जोड़ी गई थी। इस शर्त को शिथिल किए जाने के सिलसिले में अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों का कहना था कि भारत वैश्विक नियमों का पालन करे। इन नियमों के तहत दुर्घटना की प्राथमिक जिम्मेबारी संचालित कंपनी की होती है। इस क्रम में भारत की दुविधा यह थी कि हमारे यहां सभी परमाणु संयंत्रों का संचालन सरकारी कंपनी 'भारतीय नाभिकीय ऊर्जा निगम' करती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का मतलब था, दुर्घटना की स्थिति में सरकार को मुआवजे की अदायगी झेलने की मजबूरी। उत्तरदायित्व कानून में एक अन्य विवादास्पद शर्त दुर्घटना के समय असीमित जिम्मेदारी की भी जुड़ी थी। इस शर्त की वजह से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा कंपनियों को बीमाकर्ता कंपनी तलाशने में मुश्किलें पेश आ रही थीं, क्योंकि कोई भी बीमा कंपनी परमाणु संयंत्रों से जुड़ी दुर्घटना का संपूर्ण बीमा भार झेलने का जोखिम नहीं उठाती। दरअसल ऐसा इसलिए है, क्योंकि परमाणु दुर्घनाएं इतनी बड़ी और व्यापक हो सकती हैं कि कोई एक दो बीमा कंपनियां इसकी भरपाई कर ही नहीं सकतीं ? रुस के चेर्नोबिल और जापान के फुकुशिमा में घटी परमाणु दुर्घटनाएं इसकी बानगियां हैं। नागरिक उत्तरदायित्व परमाणु हानि अधिनियम 2010 में किसी भी परमाणु दुर्घटना की आशंका में 1500 करोड़ रुपए की धनराशि पहले से ही सुरक्षित रखने का प्रावधान है। जिससे पीड़ितों को दुर्घटना के तत्काल बाद मुआवजे का प्रबंध किया जा सके। भारत ने इस मुद्दे में परमाणु ऊर्जा निगम की तरफ से 750 करोड़ रुपए की गारंटी जोड़ दी है। साथ ही 750 करोड़ रुपए भारत सरकार देगी। इस समझौते की खास बात यह रही है कि अब मोदी सरकार को परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम 2008 और 2010 में किसी संशोधन के लिए बाध्य होना नहीं पड़ा। इस करार के बाद ही काकरापुर परमाणु संयंत्र से बिजली उत्पादन संभव हो सका है। अब आगे जैतापुर और राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के जल्दी शुरु होने की उम्मीद बढ़ गई है। अमेरिकी कंपनियों के सहयोग से बन रहीं ये परियोजनाएं लगभग पूरी हैं। रुस के सहयोग से बनी तमिलनाडू की कुडनकुलम परमाणु परियोजना से पहले ही बिजली उत्पादन का कार्य शुरु हो गया है। बहरहाल भारतीय कंपनियां परमाणु संयंत्रों के निर्माण व संचालन में पूंजी निवेश करती हैं तो भारत बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के साथ बिजली निर्यात में भी सक्षम हो जाएगा। साथ ही युवाओं को रोजगार भी बड़ी संख्या में प्राप्त होने की उम्मीद बढ़ जाएगी।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# डॉप्लर रडार से मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

कोटद्वार। लैंसडौन में स्थापित रडार उत्तराखंड के कई जनपदों के मौसम की निगरानी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे मौसम और आपदाओं से संबंधित सटीक जानकारी मिल सकेगी। यह बात केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को लैंसडौन में मौसम विभाग की ओर से स्थापित डॉप्लर मौसम रडार का लोकार्पण करते हुए कही। टिप इन टॉप स्थित मौसम विभाग के नवनिर्मित कार्यालय परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय मौसम विभाग दिल्ली व देहरादून की ओर से किया गया। रिजिजू ने कहा कि लैंसडौन का डॉप्लर रडार आपदाओं के पूर्व अनुमान की सटीक जानकारी देगा। जिससे आपदा पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि देश ने विज्ञान के क्षेत्र में विश्व में विशिष्ट पहचान बनाई है। आज देश की गिनती विश्व के ताकतवर देशों में होती है। इस मौके पर गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने लैंसडौन में स्थापित रडार को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी बताया। मौसम विभाग के केंद्रीय महानिदेशक मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि उत्तराखंड में यह तीसरा डॉप्लर रडार लगा है। देशभर में अब तक 40 डॉप्लर रडार स्थापित कर लिए गए हैं। लैंसडौन के इस डॉप्लर रडार की



क्षमता 100 किमी. एयर डिस्टेंस की है। जिससे बारिश, बादलों की गति की तत्काल जानकारी मिल सकेगी। इस मौके पर आपदा सचिव डाॅ रंजीत सिन्हा, मौसम विभाग देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह रावत, क्षेत्रीय निदेशक चरणजीत सिंह, गढ़वाल राइफल्स के कमांडेंट ब्रिगेडियर वीएम चौधरी, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी आदि मौजूद रहे। लैंसडौन की प्राकृतिक छटा और वातावरण देख केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अभिभूत हो उठे। कार्यक्रम के बाद उन्होंने गढ़वाल सांसद व पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत व अन्य सहयोगियों के साथ लैंसडौन की 10 किमी की ट्रैकिंग की। उन्होंने लैंसडौन के सौंदर्य को शानदार बताया। इस दौरान उन्होंने टिप इन टॉप, केंद्रीय विद्यालय, भुल्ला ताल की दूरी पैदल ही तय की। उनके साथ एसडीएम शालिनी मौर्य, भाजपा की मंडल अध्यक्ष सुलेखा गौड़ आदि मौजूद रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम नीतू तनेजा से बदलकर नीतू रख लिया है। भविष्य में नीतू के नाम से जाना व पहचाना जाए।

नीतू पत्नी श्री मनीश कुमार, निवासी- एच.न-सी 60, अलायंस किंगस्टन एस्टेट, फेज 2, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम मनीष अरोरा से बदलकर मनीष कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीष कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मनीष कुमार पुत्र श्री अशोक अरोरा निवासी- एच.न-सी 60, अलायंस किंगस्टन एस्टेट, फेज 2, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# अवैध कच्ची शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

## खाईखेड़ा कनकपुर व छोटी बरखेड़ी में धधक रही है भट्टियां, आबाद हैं दर्जनों अड्डे

काशीपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में आईटीआई पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के दो तस्करों को दबोचकर तलाशी में उनके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक आईटीआई पुलिस लोहिया पुल बॉर्डर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान संदिग्ध हालत में उधर से होकर गुजरते हुए एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम छोटी बरखेड़ी थाना आईटीआई निवासीअमरजीत सिंह उर्फ राजू पुत्र कुलवंत सिंह बताया। तलाशी में पुलिस ने उसके कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह पैगा चौकी पुलिस ने वार्ड नंबर 6 महुआ खेड़ा गंज थाना आईटीआई निवासी सोमवीर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह को क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इस तरह दोनों शराब तस्करों से पुलिस ने 50 लीटर जहरीली कच्ची शराब बरामद करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दोनों का चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। **गांवों में खुलेआम धधक रही शराब भट्टियां :** आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी तथा खाई खेड़ा आदि गांव में अवैध कच्ची शराब की खुलेआम भट्टियां धधक रही है। जानकार बताते हैं कि उपरोक्त गांव से प्रतिदिन हजारों लीटर जहरीली शराब क्षेत्र के तमाम महफूज ठिकानों को सप्लाई किए जाते हैं। थाना क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब की गैर कानूनी अड्डे आबाद है। शराब के में गैर कानूनी अड्डों यह जहरीली शराब खुदरा बेची जाती है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी B.Sc प्रथम वर्ष 2019 अनुक्रमांक 181090205523 की मार्कशीट वास्तव में कही खो गई है भविष्य में किसी और द्वारा उसका प्रयोग अवैध होगा।

**आयुष सिंह पुत्र श्री अरोध सिंह**
निवासी नारायणपुर कोठा पो०
नारायणपुर कोठा, जिला-उधमसिंहनगर

# मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक से होगी बनभूलपुरा थाने के नुकसान की वसूली

हल्द्वानी। बनभूलपुरा हिंसा के दौरान जलाए गए थाने में अपराधियों के रिकॉर्ड सुरक्षित बच गए हैं। हालांकि थाने के दस्तावेज और पत्राचार से संबंधित सभी डाटा कंप्यूटर जलने से खत्म हो गया है। पुलिस थाने में हुए नुकसान का आकलन कर रही है, जिसके आधार पर हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक से इसकी वसूली की जाएगी। मलिक का बगीचा में अतिक्रमण हटाने के दौरान बीती 8 फरवरी की शाम हिंसा भड़की थी। उपद्रवियों ने चोरगलिया रोड स्थित बनभूलपुरा थाने में आग लगा दी थी। आगजनी से थाने को काफी नुकसान पहुंचा। यहां रखे चार कंप्यूटर सिस्टम भी आग की भेंट चढ़ गए, जिसकी हार्ड डिस्क जलने से थाने का करीब आठ साल का रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आगजनी के दौरान थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर बच गए हैं। रजिस्टर 4, रजिस्टर 8 सहित हाथ से दर्ज किए जाने वाले अन्य रजिस्टर मालखाने में रखे हुए थे, जिस कारण ये आग की भेंट नहीं चढ़ सके। बताया कि रजिस्टर 4 अपराध रजिस्टर और रजिस्टर 8 ग्राम अपराध रजिस्टर है जिसमें अपराधियों का रिकॉर्ड हाथों से दर्ज किया जाता है। इसमें सालों पुराने अपराधियों का पूरा रिकॉर्ड दर्ज है। इनके साथ ही अन्य रजिस्टर और दस्तावेज हैं, जो सुरक्षित हैं। बताया कि आग लगने से थाने के अन्य कमरों को नुकसान पहुंचा है। साल 2015 में थाने का अपग्रेडेशन हुआ था, तब यहां कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए थे। जिसके बाद से थाने का सारा काम कंप्यूटर सिस्टम में ही किया जाने लगा था, जिसमें एसएसपी कार्यालय, एसपी सिटी कार्यालय, प्रशासनिक कार्यालयों को भेजे गए पत्र समेत अन्य रिकॉर्ड था। आग से कंप्यूटर की हार्ड डिस्क जल गई, जिससे रिकॉर्ड खत्म हो गया। हालांकि मुकदमा अब ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज होता है, जिससे वह सभी सुरक्षित है।

## अब्दुल मलिक की संपत्ति पर होगी कार्रवाई



हल्द्वानी। हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक से 2.68 करोड़ की वसूली का नगर निगम का नोटिस तहसील पहुंच गया। अब तहसील के माध्यम से अब्दुल मलिक से वसूली की प्रक्रिया होगी। इसके तहत तहसील की तरफ से एक साइटेशन देकर 14 दिन में राशि जमा करने का समय दिया जाएगा। ऐसा न करने पर तहसील प्रशासन मलिक को लेकर दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर सकेगा। इसमें चल-अचल संपत्ति की कुर्की के अलावा गिरफ्तारी भी की जा सकती है। तहसीलदार सचिन ने आरसी पहुंचने की पुष्टि की है। बता दें कि, कूटरचना कर सरकारी जमीन हड़पने, मरे हुए व्यक्ति के नाम से शपथ पत्र देने, न्यायालय में मरे हुए व्यक्ति के नाम से रिट डालने के मामले में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कोतवाली में तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आईपीसी 417 और 120 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मलिक को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 50 हजार का ईनाम देने की घोषणा

देहरादून। श्री नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक पी/एम एवं प्रवक्ता पुलिस मुख्यालय ने बताया कि बनभूलपुरा हिंसा एवं उपद्रव की घटना में वांछित नामजद अभियुक्त अब्दुल मलिक को नैनीताल पुलिस ने नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। श्री अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक महोदय ने पुलिस टीम को 50 हजार के ईनाम की घोषणा की है। आज 02 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक कुल 81 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आईजी श्री नीलेश आनंद भरणे एवं प्रवक्ता पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड ने जारी एक संदेश में कहा है कि बनभूलपुरा में पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता किये जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का हम पूर्णत: खण्डन करते हैं। इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। उत्तराखंड पुलिस मित्र पुलिस के अपने ध्येय पर बहुत गर्व करती है। कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान हम कानून का पालन करने वाले सभी नागरिकों विशेषकर महिलाएं और बच्चे के साथ शिष्टाचार, स्नेह और सम्मान का व्यवहार करते हैं। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के प्रति उत्तराखंड पुलिस में शून्य सहिष्णुता है। यदि कोई विश्वसनीय साक्ष्य हैं तो वो उन्हें वर्तमान में चल रही मजिस्ट्रियल जांच के दौरान आयुक्त कुमाऊं या वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। हम उस पर विधिसम्मत और त्वरित कार्यवाही करेंगे। हम कानून के अनुसार नागरिकों के सम्मान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प रखते हैं।



# पेपर देने भेजने वाले मुन्ना भाई को राजस्थान से किया गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून पुलिस ने अपनी जगह परीक्षा में किसी और को भेजने वाले मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एसएससी की एमटीएस की परीक्षा में अपनी जगह दूसरे को भेजने वाले अभियुक्त को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले आठ महीने से फरार चल रहा था। 15 जून को अकेडमी ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज् इन्स्टीट्यूट निकट नन्दा की चौकी प्रेमनगर देहरादून में एसएसी की एसटीएस द्वितीय पाली की परीक्षा के लिए प्रवेश द्वार पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान उम्मीदवार अशोक मीणा पुत्र सुगन लाल मीणा निवासी कोली पाड़ा, थाना मासलपुर जिला करौली, राजस्थान के स्थान पर अभियुक्त विवेक कुमार मण्डल पुत्र स्व प्रकाश प्रसाद निवासी-ग्राम भवानी विगहा पो अपसढ़ बिहार को पकड़ा था। बता दें एडिटिंग करके एडमिट कार्ड पर अशोक मीणा की जगह बिहार के विवेक कुमार मण्डल की फोटो लगाई थी। जब विवेक कुमार परीक्षा देने से पहले चेंकिग के लिए पहुंचा तो वहां पकड़ा गया। जिसके बाद प्रेमनगर में अशोक मीणा के खिलाफ 120बी, 419, 420, 467, 468, 471 धारा के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। तब से अभियुक्त अशोक मीणा पुत्र सुगन लाल मीणा फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कर आवश्यक निर्देश दिए। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना से आरोपी को जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

# मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। बीते माह ग्राम मसीत में हुए जानलेवा हमले में पीड़ित फिरासत अली पुत्र असगर अली की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था उसमे अब तक एक अभियुक्त इकबाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा जा रहा है थाना अध्यक्ष ने बताया अन्य की तलाश भी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिराशत अली ने दी हुई तहरीर में बताया था कि बीती 5 जनवरी को लगभग शाम 6 बजे पुरानी रंजिश को लेकर इकबाल, अफजाल, जुल्फिकार और सुहैल गण हाथों में लाठी डंडे और पाटल लेकर जबरदस्ती उनके घर में घुस आए थे और जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया था जिसमें परिवार के कुछ लोग घायल हो गए थे शोर सुनकर आसपास के कुछ लोगों ने बीच बचाव किया था जिसमें फिरासत में बताया कि वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे फिरासत ने घटना की सूचना थाना गदरपुर में देकर शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने इकबाल, अफजाल, जुल्फिकार और सुहैल पर धारा 323, 452, 506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया था जिसके तहत शनिवार को एक अभियुक्त इकबाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया है थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया है कि अन्य लोगों की तलाश भी जारी है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# साइबर ठगों ने महिला से की 89 हजार की ठगी

गदरपुर(उद संवाददाता)। साइबर ठगो ने एक महिला से 89000 की ठगी की है। गदरपुर वार्ड नंबर 4 शिव मंदिर निवासी रुचि ठुकराल पत्नी श्री नरेश कुमार ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर देकर बताया कि सुरभि हॉस्पिटल के नाम पर ठगो ने उनसे 89 हजार रुपए ठग लिए हैं वहीं पुलिस ने केस दर्ज करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुचि ठुकराल द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि उनका एक अकाउंट यूको बैंक में है उन्होंने गूगल पर अपॉइंटमेंट लेने के लिए सुरभि हॉस्पिटल सर्च किया तो थोड़ी देर बाद एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और बताया कि वह सुरभि हॉस्पिटल से बोल रहा है आपके नंबर पर एक लिंक आएगा आपको घ10 भेजने हैं और अस्पताल का पर्चा आपके नंबर पर सेंड कर दिया जाएगा रुचि वर्मा द्वारा विश्वास करते हुए लिंक में डिटेल भरी कुछ प्रक्रिया के बाद कई सारे मैसेज आने लगे और कुछ समय उनके खाते से दो ट्रांजैक्शन के माध्यम से लगभग 89000 कट गए ठगी का एहसास होने पर उन्होंने एक एप्लीकेशन साइबर क्राइम रुद्रपुर पुलिस स्टेशन को सौंपी जिसके निर्देश में थाना गदरपुर में अज्ञात ठग के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है वहीं थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी ने बताया है कि मामले की जांच चल रही है।





# फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारम्भ आज शाम

शक्तिफार्म। क्षेत्र के सुरेंद्र नगर ग्रामसभा में नेताजी सुभाष बोस फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ आज शाम होगा। प्रथम लीग मैच व उद्घाटन मुकाबला उत्तर प्रदेश के स्वर्ग फार्म व उत्तराखंड के दिनेशपुर के टीम के मध्य खेला जायेगा। सुरेंद्र नगर के तारक नाथ धाम पूजा कमेटी द्वारा सयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया जायेगा। नेताजी सुभाष बोस फुटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कमेटी द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। इससे पूर्व आयोजन कमेटी का सर्व सम्मिति से गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष रजत रॉय,उपाध्यक्ष गौरव सरकार,सचिव रोहन हालदार,उपसचिव जयंत विश्वास, शुभम विश्वास, कोषाध्यक्ष धीरज मण्डल,मनोज वाला,उपकोषाध्यक्ष अमित रॉय,अजय साना,परिचालक, विश्वजीत रॉय,संरक्षक,गोविंद सरकार,संजीत विश्वास, मिलन बाला,प्रधान राजा हालदार, सुमित मण्डल, परेश मण्डल, जगदीश कुमार आदि थे।

## पेज एक का शेष...

**कार्यकर्ताओं संग धरने पर बैठे...**हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह भाजपा नेताओं की हताशा को दर्शाता है। धरना स्थल पर वार्ता के लिए पहुंचे एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जिस पर करन माहरा ने कहा कि घटना की जो वीडियों वायरल हो रही है। उसमें कांग्रेस अध्यक्ष पर जो लोग हमला कर रहे हैं उनकी तत्काल गिरफ्तारी की जाये। जिस पर श्री कत्याल ने तीन दिन का समय मांगा। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि यदि 27 फरवरी तक सभी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो 28 फरवरी से सम्पूर्ण प्रदेश में भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के विरूद्ध धरना प्रदर्शन के साथ ही पुतला फूंके जायेंगे। काफी देर तक चली वार्ता के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन 27 फरवरी तक स्थगित कर दिया। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह विष्ट,गणेश उपाध्याय,पुष्कर राज जैन,मोहन खेड़ा,हरीश पनेरू, संदीप चीमा, ठाकुर संजीव सिंह, सुरेश गौरी, मोनू निषाद, उमा सरकार, अर्जुन विश्वास, सौरभ चिलाना, मीना शर्मा,सुनील आर्य,मोनू निषाद, सुरेश गोरी,उमा सरकार, मोनिका, अर्जुन विश्वास, ममता रानी, दिनेश पंत, सुनील आर्य, किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, किसान नेता तजेंद्र सिंह विर्क, योगेश चौहान,सुनील कश्यप,मोनिका ढाली, ममता रानी सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**किशोरी की संदिग्ध...**को कब्जे में लेकर रूद्रपुर ले आई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किशोरी की मौत को लेकर परिजनों का कहना है कि उसने पिता की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्म हत्या की है। पुलिस को परिजनों की कहानी संदिग्ध लग रही है। किशोरी की मौत को लेकर मोहल्ले में ऑनर किलिंग की भी चर्चा है। चर्चा है कि प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी की हत्या की गयी है। इन्हीं सब चर्चाओं को देखते हुए पुलिस ने डाक्टरों के पैनल से किशोरी का पोस्टमार्टम कराया है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। साथ ही पुलिस किशोरी की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। कोतवाल धीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि किशोरी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुयी है जिसके चलते अलग अलग एंगलों से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट ओर सीडीआर आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

**कंपाउडर के इंजेक्शन ..**कराया। उपचार के दौरान कुछ ही देर में महिला की स्वास्थ्य में सुधार होने लगा। इसी बीच डॉक्टर के कहने पर अस्पताल के एक कंपाउंडर ने महिला को इंजेक्शन दे दिया। इंजेक्शन लगाते ही महिला की हालत अत्यधिक बिगड़ गई और देखते ही देखते चंद मिनट के भीतर उसने दम तोड़ दिया। परिवार के लोगों को जब इसका पता चला तो वह गुस्से से लाल हो उठे। उन्होंने कंपाउंडर को झोलाछाप बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी कंपाउंडर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। इधर पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों को आशंका है कि कंपाउंडर द्वारा महिला को गलत इंजेक्शन देने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतका के दो पुत्र हैं एक 5 वर्ष का है दूसरा 3 वर्ष का है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**गांधी पार्क को दी जा रही...**आदि एक पार्क के आवश्यक तत्व होते हैं और ये ही किसी पार्क को पूर्णता प्रदान करते हैं। और पार्क की पूर्णता के उपरोक्त लक्षण फिलवक्त रुद्रपुर के गांधी पार्क में तो कम से कम दिखाई नहीं देते । दरअसल रुद्रपुर के राजनेताओं और प्रशासन ने कभी भी गांधी पार्क को एक हरे भरे आदर्श पार्क के रूप में विकसित करने की इच्छा शक्ति नहीं दिखाई और ना ही भविष्य में इसके आसार हैं,क्योंकि आरंभ से ही रुद्रपुर गांधी पार्क के बहुउद्देशीय उपयोग करने का आदी रहा है। आवश्यकता पड़ने पर गांधी पार्क जलसे, उत्सव,मेले,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन, राजनीतिक सभाएं ,धरना प्रदर्शन ,खेल प्रतियोगिताएं, पार्किंग एवं आमजन के घूमने फिरने सहित विविध प्रयोजनों के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है और यह सिलसिला भविष्य में भी अनवरत जारी रहने की प्रबल संभावना है। वैसे रुद्रपुर के रहनुमा और जिला प्रशासन अगर इच्छा शक्ति दिखाते तो गांधी पार्क की चाहरदिवारी से सटी हुई नैनीताल रोड स्थित दुकानों को हटाने के बाद,गांधी पार्क में सुधार के लिए जो भी कार्य अब तक कराए गए हैं, उनको बृहद रूप देते हुए उक्त पार्क को सही मायने में एक आदर्श पार्क बनाया जा सकता था ,पर दुर्भाग्यवश जिला प्रशासन, जिसे कि एक बागवान की तरह गांधी पार्क को सजाना-संवारना चाहिए था, गांधी पार्क में आयोजित होने वाले प्रत्येक सरकारी जलसे की तैयारी के समय,पार्क की हरियाली को तहस-नहस करता ही नजर आया है। सुनने में आया है कि गुजरे दिनों गांधी पार्क में आयोजित सरकारी उत्सव के लिए कई करोड़ का बजट आवंटित किया गया था,पर अफसोसजनक पहलू तो यह है कि उपरोक्त बजट का छोटा सा हिस्सा भी गांधी पार्क के पुनरुद्धार के लिए नहीं खर्च किया जा सका। यही वजह है कि गांधी पार्क के हिस्से रंग रोगन, दीवारों पर पेंटिंग्स उकेरने और चंद लाइटों के अलावा आज तक और कुछ नहीं आ पाया ।सच कहें तो गांधी पार्क के हिस्से निकट भविष्य में इससे अधिक और कुछ आने की संभावना भी नहीं है,क्योंकि शहर के राजनेताओं की बिरादरी का एक तबका गांधी पार्क के अस्तित्व को समाप्त कर ,पार्क की जमीन पर सीमेंट कंक्रीट की विकास की मीनारें खड़ी करने का मंसूबा जो पाले हुए हैं। लिहाजा अगर प्रशासन आने वाले दिनों में गांधी पार्क का स्वरूप पूरी तरह बदल दे तो यह कोई आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिए । हो सकता है कि गांधी पार्क की हरियाली को नष्ट करना और पार्क में स्थित छोटे मझौल पौधों को जड़ से उखाड़ देना इसी क्रोनोलॉजी का एक हिस्सा हो।

**दो मंजिला छत..**गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे वहां मौजूद ठेकेदार व काम कर रहे अन्य लोगों में हड़कम्प मच गया। इसी दौरान घायल रोहिताश ने मौके पर ही दम तोड दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की विस्तार से जानकारी लेकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।

**सड़क हादसे में ...**को सूचना दी कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल मुरादाबाद से जसपुर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परजनों के हवाले कर दिया। मृतक अविवाहित था। चार भाई तथा एक बहन है। भाइयों में वह सबसे छोटा है। उसके सभी भाई तथा बहन की शादी हो चुकी है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिजनों में शोक व्याप्त है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# केशव सूर्यमुखी कॉलेज में सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित





शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व.ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के प्रथम पुण्यतिथि पर उत्तराखंड,उधम सिंह नगर जिले के शक्तिफार्म कुसमोठ स्थित केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर मे सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे दूर दराज से लगभग 180 पहलवान दमखम दिखाने पहुँचे। एशिया के गोल्ड मैडलिस्ट जोंटी पहलवान,अर्जुन अवार्डी सुनील राणा समेत बनारस, आजमगढ़, कानपुर, चंदौसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मुज्जफरनगर, नंदिनी नगर, बागपत, गोंडा,गाजीपुर, मथुरा, आगरा,बहराइच, सत्यम अकादमी मेरठ के साथ उत्तराखंड के तीन पहलवानो ने दमखम दिखाया। आयोजक कुंवर शिववर्धन सिंह ने बताया की कुश्ती प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य है,लोगो को नशे के खिलाफ जागरूक करना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व कासगंज सांसद बृज भूषण शरण सिंह, उत्तर प्रदेश कुश्ती संगठन के अध्यक्ष करण भूषण सिंह,व उत्तराखण्ड कुश्ती संगठन के महासचिव डॉ एस पी देशवाल,ठाकुर शिव वर्धन सिंह,सुरेश चंद्र उपाध्याय ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। आयोजको ने सांसद बृज भूषण सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने पूर्व मंत्री ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सांसद निजी चौपर से राजकीय इंटर कालेज के हेलीपैड पर उतरे,जहाँ आयोजको ने भव्य स्वागत किया,बाद मे कड़ी सुरक्षा के बीच कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मुख्य अतिथि बृज भूषण सिंह ने बताया की कुश्ती खेल को लेकर अब परिवर्तन हुआ है,युवा पीढ़ी इस खेल मे बढ़ चढ़ कर रुचि के साथ हिस्सा ले रहे है। कुश्ती देश के प्राचीनतम खेलो मे से एक है,आज युवा ओलम्पिक एशियाई जैसे बढ़े खेलो मे कुश्ती मे पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे है। कुश्ती में फ्री स्टाइल महिला वर्ग के 57 किलो वेट कैटेगरी में नीलम प्रथम, प्रिया चौहान द्वितीय रहे। 62 किलो वेट कैटेगरी में लिजा तोमर प्रथम व सेजल मौर्य द्वितीय रहे। 68 किलो वेट कैटेगरी में लक्ष्मी पांडे प्रथम, वंशिक द्वितीय स्थान पर रहे। फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग के 52 किलो वेट कैटेगरी में सत्येंद्र यादव प्रथम, कपिल द्वितीय, 65 किलो वेट कैटेगरी में मनोज तिवारी प्रथम, मयंक चौधरी द्वितीय, 74 किलो वेट कैटेगरी में शुभम कुमार प्रथम, मंगल द्वितीय, 86 किलो वेट कैटेगरी में अर्जुन सिंह प्रथम, बॉबी मिश्रा द्वितीय, 97 किलो वेट कैटेगरी में अभिषेक खोखार प्रथम, भीम यादव द्वितीय, ग्रीको रोमन में 67 किलो वेट कैटेगरी में अरशद प्रथम, अविनाश द्वितीय, 87 किलो वेट कैटेगरी में राम सिंह प्रथम, गौरव चौधरी द्वितीय रहे। पूरे परिसर मे दर्शकों की भीड़ भारी मात्रा मे थी,क्षेत्र मे प्रथम बार इतने बढ़े स्तर का प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस मौके पर जय वर्धन सिंह, शक्ति वर्धन सिंह,श्यामानंद सिंह,अजय जायसवाल, विपिन डाल मिया, करन जंग,लक्खा सिंह, हरपाल सिंह,करनेल सिंह,हरिश दुवे, अजय तिवारी,राजेश प्रताप सिंह,मोनू त्रिपाठी, डॉ मनोज दास,उत्तम दास आदि मौजूद थे।

# निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन





गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री जय भवानी जागरण मंडल के सौजन्य से हर वर्ष की भांति लगने वाला आखों का नि:शुल्क कैंप इस वर्ष भी श्री सुहावा राम भुड्डी धर्मशाला में आयोजित किया गया। श्री जय भवानी जागरण मंडल के सौजन्य से आंखों के 32वें निशुल्क विशाल कैम्प का शुभारम्भ समाजसेवी महेंद्र सिंह एशपुजानी एवं अन्य महानुभावों द्वारा फीता काटकर किया गया। कैम्प में महाराजा अग्रसेन नेत्र चिकित्सालय रुद्रपुर के डा.नूतन जैन एवं उनकी टीम के द्वारा आंखों की जांच का कार्य किया जा रहा है। वही प्रकाश हॉस्पिटल रुद्रपुर के डॉक्टर अनुराग गर्ग द्वारा भी हर वर्ष शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया जाता है। विशाल कैम्प में मुख्य अतिथि हरीश ईशपुजानी अध्यक्ष राईस मिलर्स एसोसिएशन गदरपुर, कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल गगनेजा आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष अनाज मंडी गदरपुर, विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी रामा ढींगरा, रमन छाबड़ा श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी महासचिव आवास विकास एवं विशिष्ठ अतिथि प्रकाश आई अस्पताल रुद्रपुर के डा. अनुराग गर्ग,रविंद्र बजाज ,अनिल भुसरी, रमन छाबड़ा, पवन बजाज की मौजूदगी में सभी अतिथियों एवं गणमान्यों का स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए सोमनाथ छाबड़ा ने कहा कि श्री जय भवानी जागरण मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 200 से अधिक पंजीकृत मरीजों के नेत्रों की जांच एवं चिन्हित मरीज के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे वहीं श्री जय भवानी जागरण मंडल के महंत पंडित राजन शर्मा ने बताया कि समाजसेवियों द्वारा 1982 में श्री जय भवानी जागरण मंडल का शुभारंभ किया गया था, उन्होंने बताया ,नेत्र चिकित्सा शिविर के अलावा जरूरत मंद परिवारों की कन्याओं के विवाह एवं अन्य समाज सेवा के कार्यों में श्री जय भवानी जागरण मंडल द्वारा अग्रणी रहकर सेवाएं प्रदान की जाती है ।कार्यक्रम की सराहना करते हुए समाजसेवी महेंद्र सिंह एशपुजानी द्वारा श्री जय भवानी जागरण मंडल के सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई ।इस मौके पर पवन बजाज,राजकुमार सीकरी, अनिल नारंग ,अशोक पोपली, विजय सुखीजा, राजकुमार भुड्डी कृष्ण बत्रा,शमी खुराना, टीकम खेड़ा, विनोद चुघ, गौरव भुड्डी, विकास तनेजा,धीरज कुमार ,प्रेम सचदेवा, संतलाल हुड़िया ,शिवा शर्मा, मनोज गुंबर, ज्ञानचंद बजाज,राकेश अनेजा, हरीश रलहन,संजीव झाम ,बंटी छाबड़ा, आकाश कोचर, कुणाल कालड़ा अभिषेक कोचर ,वंश शर्मा ,शिवम हुड़िया, हिमांशु सुखीजा,अशोक छाबड़ा, लेखराज नागपाल, सक्षम ग्रोवर, गौरव मदान, श्याम सुंदर कालड़ा, कृष्ण सुधा, कृष्ण अनेजा, संजीव झाम ,जुगनू डंग ,महेंद्र ठकराल, संदीप चावला, मोहित अरोड़ा, सुरेंद्र चावला ,राकेश चावला, रिक्कू भुसरी, यश कालड़ा, पवन कुमार, प्रवीण कुमार के अलावा डॉक्टर प्रवीण पांडे, वीरपाल ,सुमन, याशिका ,मानसी, नीरू राणा, मनोज ,चिराग ,अजीम, सीता, कविश अरोड़ा, जीशान ,रवि दयाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


